वर्ष : 34 | अंक : 247 | मुंबई, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## क्राइम ब्रांच और ED की दोहरी जाँच

इस पूरे नेटवर्क की संवेदनशीलता को देखते हुए, अब जांच का काम केवल मुंबई क्राइम ब्रांच तक ही सीमित नहीं है। मामले की जाँच में अब प्रवर्तन निदेशालय (ED) भी शामिल हो गया है। ईडी को शक है कि इस ड्रग तस्करी से होने वाली काली कमाई को हवाला और रियल एस्टेट जैसे साधनों के जरिए सफेद धन में बदला जा रहा था। यह मनी लॉन्ड्रिंग का एक बड़ा मामला हो सकता है, जिसके तार देश-विदेश में फैले हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच ने स्पष्ट कर दिया है कि वह जल्द ही ताहिर डोला द्वारा नामित इन सभी बड़ी हस्तियों को समन जारी करेगी। इन सभी का बयान दर्ज किया जाएगा और सिंडिकेट में उनकी भागीदारी की गहराई से जाँच होगी। यह ड्रग्स, अंडरवर्ल्ड और बॉलीवुड की साठगाँठ पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक साबित हो सकती है, जिससे भारतीय मनोरंजन जगत में एक बड़ा भूचाल आने की संभावना है।



### दाऊद से जुड़े ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़

# ड्रग्स, अंडरवर्ल्ड और बॉलीवुड

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय सिनेमा, राजनीति और पाताल लोक के बीच का एक स्याह गठजोड़ एक बार फिर बेनकाब हुआ है। मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (ANC) ने एक ऐसे विशाल ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है, जिसके तार सीधे दुबई में बैठे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के सहयोगी सलीम डोला से जुड़े हैं। यह सिंडिकेट न केवल देश के सात से आठ राज्यों में मेफेड्रोन (MCAT), मेव मेव (Meow Meow) और आइस (Ice) जैसी खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स की सप्लाई कर रहा था, बल्कि इसका एक बड़ा हिस्सा विदेशों में भी तस्करी किया जा रहा था। इस खुलासे ने एक बार फिर बॉलीवुड की चकाचौंध के पीछे छिपे काले कारोबार की पोल खोल दी है।

**ताहिर डोला की पार्टियों में शामिल होते थे बड़े-बड़े बॉलीवुड स्टार**

**सभी हस्तियों को समन जारी करेगी क्राइम ब्रांच**

### गोपनीय दस्तावेज़ों में नाम, कई हस्तियाँ निशाने पर

गोपनीय दस्तावेजों के अनुसार, ताहिर डोला द्वारा जिन बड़े नामों का खुलासा किया गया है, उनकी फेहरिस्त लंबी है, और वे चौंकाने वाली हैं। इस लिस्ट में प्रमुख रूप से बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही, एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और उनके भाई सिद्धांत कपूर का नाम शामिल है। इनके अलावा, पूर्व एनसीपी विधायक जीशान सिद्दीकी, लोकप्रिय रैपर लोका, फिल्म मेकर अब्बास-मस्तान की जोड़ी, मॉडल अलीशा पारकर (जो दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर का बेटा है) और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी ओरी उर्फ ओरहान का नाम भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, ताहिर डोला ने बताया कि ये सभी लोग न सिर्फ मुंबई और गोवा में हुई ड्रग पार्टियों में नियमित रूप से शामिल होते थे, बल्कि कुछ हाई-प्रोफाइल पार्टियाँ दुबई और थाईलैंड जैसे देशों में भी आयोजित की जाती थीं। इन विदेशी पार्टियों में भारतीय मूल के कारोबारियों के माध्यम से ड्रग्स की सप्लाई की जाती थी, जिससे इस सिंडिकेट के अंतर्राष्ट्रीय कनेक्शन की पुष्टि होती है।

### ताहिर डोला ने खोले गहरे राज़

इस ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश तब हुआ जब सलीम डोला के बेटे ताहिर डोला से गहन पूछताछ की गई। ताहिर डोला को इसी साल अगस्त में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) से प्रत्यर्पित करके भारत लाया गया था। ताहिर ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिन्होंने जांच एजेंसियों को बॉलीवुड के गलियारों तक पहुँचा दिया है। ताहिर डोला ने स्वीकार किया है कि उसकी ओर से आयोजित की जाने वाली हाई-प्रोफाइल ड्रग पार्टियों में बॉलीवुड के कई बड़े अभिनेता, अभिनेत्रियाँ, रैपर्स और फिल्म मेकर्स शामिल होते थे। इन पार्टियों में भारी मात्रा में मेफेड्रोन और अन्य सिंथेटिक ड्रग्स का बेधड़क इस्तेमाल किया जाता था।

---

## ब्रीफ न्यूज़

### ट्रक ने 15 से ज्यादा वाहनों को मारी टक्कर, 8 लोगों की मौत

**पुणे।** पुणे जिले के नवले पुल पर गुरुवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार से दौड़ता एक ट्रक अचानक बेकाबू हो गया और करीब 20 वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सतारा से मुंबई की ओर जा रहा राजस्थान नंबर का ट्रक अचानक नियंत्रण खो बैठा और लगभग एक किलोमीटर तक वाहनों को टक्कर मारता चला गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो ट्रक और एक कार में आग लग गई।

### दिव्यांगों के मामलों में डीएम को कानूनी कार्रवाई का अधिकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने दिव्यांगों के खिलाफ शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने जिला और उप-विभागीय मजिस्ट्रेटों को अपराधियों के खिलाफ निवारक और कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। दिव्यांगजन कल्याण विभाग ने गुरुवार को आदेश जारी कर ऐसे में मामलों को त्वरित कार्रवाई के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। दिव्यांगजन कल्याण विभाग के सचिव तुकाराम मुंधे ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 सख्ती से पालन के लिए यह एसओपी जारी किए गए हैं।

# सिंहस्थ कुंभ की तैयारी तेज

- सीएम फडणवीस ने 5757 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की रखी आधारशिला
- तीर्थस्थल के रूप में स्थापित होगा नासिक: सीएम

एजेंसी | नासिक

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि आगामी सिंहस्थ कुंभ मेले के लिए 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है जिससे नासिक एक प्रमुख पर्यटन एवं तीर्थस्थल के रूप में स्थापित होगा। फडणवीस ने 5,757 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। फडणवीस ने कई परियोजनाओं का भूमिपूजन करने के बाद कहा कि ये सभी कार्य पारदर्शी तरीके से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले इस पर्व के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी।

### 20 हजार करोड़ रुपये की लागत वाले कार्यों को मंजूरी



मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों ने 20 हजार करोड़ रुपये की लागत वाले कार्यों को मंजूरी दी है जिनमें से 5,757 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का 'भूमिपूजन' आज किया गया। फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुंभ मेले के प्रभारी राज्य मंत्री गिरीश महाजन तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कहा कि राज्य में सबसे बड़े जिला परिषद भवन का भी उद्घाटन यहां किया गया है।

### कब से कब तक चलेगा यह आयोजन?

भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद एक रैली में सीएम फडणवीस ने कहा, ''हमने योजना बनाई है कि ये सभी कार्य कम से कम 25 वर्षों तक टिके रहें और नासिक तथा त्र्यंबकेश्वर की सूरत बदल दें। इससे नासिक एक प्रमुख पर्यटन और तीर्थस्थल बन जाएगा। राज्य सरकार इन कार्यों के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के लिए अच्छा मुआवजा देगी।'' उन्होंने कहा, ''यह कुंभ विशेष है और यह 75 साल बाद 'त्रिखंड योग' के दौरान पड़ रहा है। इसलिए, यह 28 महीने तक जारी रहेगा। यह 31 अक्टूबर 2026 को शुरू होगा और 24 जुलाई 2028 तक जारी रहेगा। दुनिया भर से लोग प्रयागराज कुंभ में पहुंचे थे और नासिक कुंभ भी इस परंपरा का एक हिस्सा है।''

### शिंदे ने क्या कहा?

सीएम ने पंचवटी में रामकुंड क्षेत्र का भी दौरा किया और प्रस्तावित 99.14 करोड़ रुपये के रामकाल पथ के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर शिंदे ने कहा कि सिंहस्थ कुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं होगा, बल्कि यह भारत को वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करेगा। बाद में फडणवीस और शिंदे ने भगवान कालाराम मंदिर में प्रार्थना की। इसके अलावा एक अन्य घटनाक्रम में, पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिरीष कोटवाल तथा अन्य लोग राज्य के जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए।

### निकाय चुनाव

# एनसीपी ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

- सूची में अध्यक्ष, विधायक समेत कई पूर्व मंत्रियों के नाम शुमार
- छगन भुजबल का नाम नहीं



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एपी) ने निकाय चुनावों के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सुनील तटकरे ने गुरुवार को यह सूची सार्वजनिक की। विवादित बयानों के कारण प्रवक्ता पद से हटाई गईं रूपाली ठोंबरे पाटिल को इसमें शामिल नहीं किया गया है, जबकि विधायक अमोल मिटकरी को दोबारा सूची में जगह दी गई है।

### विवाद के बाद भी अमोल मिटकरी को मिली जगह

फलटण उपजिला अस्पताल की डॉक्टर संपदा मुंडे की आत्महत्या प्रकरण में दिए गए बयानों को लेकर रूपाली ठोंबरे और अमोल मिटकरी दोनों को प्रवक्ता पद से हटाया गया था। हालांकि, पार्टी ने मिटकरी को स्टार प्रचारक बनाकर दोबारा भरोसा जताया है। मिटकरी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "यह उन लोगों के लिए जवाब है जिन्होंने मेरे निष्कासन की मांग की थी। पार्टी की विचारधारा के प्रति मेरी निष्ठा अटूट है।"

### स्टार प्रचारकों की सूची

अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, अदिति तटकरे, रूपाली चाकणकर, हसन मुश्रीफ, नरहरि झिरवल, माणिकराव कोकाटे, बाबासाहेब पाटिल, मकरंद पाटिल, दत्तात्रय भरणे, अन्ना बनसोडे, इंद्रनील नाईक, धर्मराव बाबा आत्राम, धनंजय मुंडे, अनिल भाईदास पाटिल, संजय बनसोडे, नवाब मलिक, प्रताप पाटिल-चिखलीकर, अमोल मिटकरी, सना मलिक-शेख, सयाजी शिंदे, समीर भुजबल, इदरीस नायकवाडी, अनिकेत तटकरे, जीशान सिद्दीकी, राजेंद्र जैन, मुश्ताक अंतुले, सिद्धार्थ कांबले, सूरज चव्हाण, लहू कांडे, कल्याण आखड़े, सुनील मगरे, नाजर काजी, महेश शिंदे, राजलक्ष्मी भोसले, सुरेखा ठाकरे, नजीब मुल्ला, प्रतिभा शिंदे और विकास पासलकर को स्टार प्रचारकों की टीम में शामिल किया गया है।

# 9.85 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

- पिछले सात महीने में चार लाख मतदाताओं के नाम कटे
- 18 लाख से ज्यादा नए मतदाता बने

स्थानीय निकाय चुनाव



धीरज सिंह | मुंबई

महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने गुरुवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर राज्य की अद्यतन मतदाता सूची जारी की। इस सूची के अनुसार, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या अब 9 करोड़ 84 लाख 96 हज़ार 626 हो गई है। यह सूची 1 जुलाई 2025 तक की अंतिम मतदाता जानकारी पर आधारित है। आयोग के अनुसार, पिछले सात महीनों में 18 लाख 80 हज़ार 553 नए मतदाता जुड़े हैं, जबकि 4 लाख 9 हज़ार 46 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के समय मतदाताओं की संख्या 9 करोड़ 70 लाख 25 हज़ार 119 थी। इस प्रकार इस साल मतदाताओं की संख्या में लगभग 14.7 लाख की वृद्धि हुई है।

### ठाणे जिला सबसे आगे

ठाणे जिले में सर्वाधिक 2 लाख 71 हज़ार 666 नए मतदाता पंजीकृत हुए हैं, जबकि 45 हज़ार 800 नाम हटाए गए हैं। पुणे जिले में 1 लाख 82 हज़ार 490 नए मतदाता जुड़े, जबकि मुंबई उपनगरों में 95 हज़ार 630 नए नाम जोड़े गए और 44 हज़ार मतदाताओं के नाम हटाए गए।

# खाद की कालाबाजारी पर लगाम



**नई दिल्ली।** खरीफ और चालू रबी सीजन 2025-26 के दौरान किसानों तक सुचारू उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। उर्वरक विभाग ने कालाबाजारी, जमाखोरी और मिलावट जैसे मामलों पर नकेल कसते हुए देशभर में कुल 3,17,054 निरीक्षण और छापे मारे। इस दौरान महाराष्ट्र में डायवर्जन-संबंधी उल्लंघनों के लिए 42,566 निरीक्षण किए गए और 1,000 से अधिक लाइसेंस रद्द किए गए हैं। केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय ने जानकारी दी कि विभाग ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के साथ मिलकर अप्रैल से नवंबर तक एक व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान राज्य सरकारों के साथ कई संयुक्त बैठकें की गईं। अभियान का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करते हुए राष्ट्रीय उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखना था।

### धारावी पुनर्विकास परियोजना

# मैं कितने फैसले लिखूंगा: सीजेआई

- धारावी प्रोजेक्ट पर टली सुनवाई



**मुंबई/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन की उस याचिका पर सुनवाई दिसंबर के पहले सप्ताह तक स्थगित कर दी है, जिसमें महाराष्ट्र सरकार द्वारा धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को देने के फैसले को चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस बी.आर. गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने कहा कि सीजेआई गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए वह इस मामले की सुनवाई पूरी नहीं कर पाएंगे। सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा, "हमारे पास कई अहम मामले लंबित हैं, अब मैं कितने फैसले लिखूं?"

### शीर्ष अदालत ने रोक लगाने से किया था इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 7 मार्च को परियोजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। साथ ही बॉम्बे हाईकोर्ट के 20 दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार और अडानी प्रॉपर्टीज से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने धारावी रिडेवलपमेंट के लिए अडानी समूह को दी गई निविदा को वैध ठहराते हुए कहा था कि इसमें कोई मनमानी या अनियमितता नहीं पाई गई। सेकलिंक टेक्नोलॉजीज ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर यह दावा किया था कि राज्य सरकार ने मेगा रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को अनुचित रूप से अडानी समूह को सौंपा। हालांकि, हाईकोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि निविदा प्रक्रिया पारदर्शी थी और तीन कंपनियों ने इसमें भाग लिया था।

**खुलासा** — बाबरी का बदला लेना चाहते थे आतंकी

# देशभर में 32 कारों से धमाके की थी साजिश

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आतंकियों की योजना 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर दिल्ली सहित कई शहरों में सिलसिलेवार धमाके करने की थी। इसके लिए उन्होंने 32 कारों में बम और विस्फोटक सामग्री भरने की तैयारी की थी। इन कारों में ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। अब तक जांच एजेंसियों ने 3 कारें बरामद कर ली हैं, जबकि चौथी स्विफ्ट डिजायर की तलाश जारी है।





### केंद्र सरकार ने आतंकी हमला माना

वहीं, केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। कैबिनेट मीटिंग में टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया। पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। इसके बाद हरियाणा के खंदावली गांव में लावारिस गाड़ी की खबर सामने आई। इस गाड़ी की जांच के लिए NSG बॉम्ब स्क्वाड की टीम पहुंची है।

### लाल किला ब्लास्ट इसी साजिश का हिस्सा

जांच में पता चला है कि 10 नवंबर को जिस आई20 कार में विस्फोट हुआ था, वह इसी बड़े 'रिवेंज अटैक' का हिस्सा थी। इस धमाके में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। जांच एजेंसियां अब इस साजिश के नेटवर्क और इसके पीछे सक्रिय आतंकी संगठनों की कड़ियों की पड़ताल में जुटी हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## चलती बस में यात्री से 90,000 की चोरी

**पालघर।** पालघर जिले के वाडा तालुका क्षेत्र में चलती बस में एक यात्री से 90,000 नकद चोरी होने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात वाडा से कुडुस के बीच चल रही बस (MH-20 BL-3620) में हुई। प्रभाकर काशिनाथ पाटील (61) ने शिकायत में बताया कि तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनका ध्यान भटकाकर कपड़े की थैली को धारदार हथियार से काट दिया और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। इस घटना में पीड़ित के हाथ में हल्की चोट आई। वाडा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) के तहत तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आईफोन निर्यात के नाम पर 2.75 करोड़ की ठगी

**पनवेल।** पनवेल में एक व्यापारी को 600 आईफोन निर्यात करने के नाम पर 2.75 करोड़ रुपए की चपत लगी है, जबकि कल्याण में एक 61 वर्षीय डॉक्टर के घर से दो घरेलू सहायिकाओं ने 16.25 रुपए लाख के गहने चुराए हैं। मुंबई पुलिस ने मोबाइल फोन निर्यात करने का वादा करके एक व्यापारी से 2.75 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पनवेल टाउन पुलिस थाने में 49 वर्षीय व्यापारी द्वारा यह शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के अनुसार, यह रकम पिछले वर्ष अगस्त से लेकर हाल के दिनों के बीच गंवाई गई। प्राथमिकी में पुलिस ने बताया कि व्यापारी ने आरोपियों को उनकी कंपनी के माध्यम से 600 आईफोन निर्यात करने के लिए 2.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में शामिल तीन व्यक्ति राजस्थान के हैं। व्यापारी का आरोप है कि आरोपियों ने न तो वादे के अनुसार फोन निर्यात किए और न ही उनकी रकम लौटाई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## डॉक्टर के घर से 16 लाख के गहने चोरी

**ठाणे।** जिले में एक 61 वर्षीय महिला चिकित्सक के घर से 16.25 लाख रुपये मूल्य के आभूषण चोरी करने के आरोप में दो घरेलू सहायिकाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महात्मा फुले चौक पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि चोरी की यह घटना कल्याण के मुरबाड मार्ग स्थित शिकायतकर्ता के घर पर अगस्त और 11 नवंबर के बीच की अवधि में हुई। शिकायतकर्ता ने अपने सोने के गहने गायब होने का पता चलने के बाद पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी घरेलू सहायिकाओं की आयु क्रमशः 45 और 21 वर्ष है और वे कल्याण तथा डोंबिवली के निवासी हैं।

# मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव

### चुनावी रण में ताल ठोकने को बेताब हैं पत्रकार

विनय दूबे | भाईंदर

मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव की लॉटरी घोषित होते ही शहर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सभी दलों के इच्छुक उम्मीदवार मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार कुछ पत्रकार भी चुनावी समर में ताल ठोकने को तैयार हैं। वार्ड क्रमांक 1 से पत्रकार रमेश शर्मा अपनी पुत्री मानसी शर्मा को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर चुके हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 16 से पत्रकार भरत मिश्रा भाजपा उम्मीदवार के रूप में विरोधी खेमे में हलचल मचा चुके हैं। पत्रकार राकेश विश्वकर्मा वार्ड क्रमांक 21 से दूसरी बार चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं — 2017 में शिवसेना प्रत्याशी के रूप में उन्होंने कड़ी टक्कर दी थी। इस बार वे पूरी रणनीति के साथ चुनाव जीतने के लिए तैयार हैं। 13 साल बाद पत्रकार महेंद्र वानखेड़े ने भी फिर से चुनावी मैदान में उतरने का संकेत दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि कौन सी पार्टी के योद्धा बनकर वे मैदान में उतरते हैं।

### आरक्षण ने बदला समीकरण, बढ़ी बेचैनी



कुछ प्रमुख नेताओं की सीटें महिला या ओबीसी वर्ग में आरक्षित होने से उनका राजनीतिक भविष्य अधर में लटक गया है। भाजपा का गढ़ माने जाने वाले वार्ड क्रमांक 12 की एक सीट सामान्य हो जाने से पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत के लिए अरविंद शेट्टी अपनी दावेदारी छोड़ देंगे, ऐसी चर्चा है। वार्ड 13 में पूर्व उपमहापौर चंद्रकांत वैती और संजय थेराडे के बीच मुकाबला तय माना जा रहा है। वहीं वार्ड 14 में लगातार तीन टर्म से नगरसेविका रही मीरा यादव और सचिन म्हात्रे के बीच टकराव की स्थिति है। वार्ड 19 में कांग्रेस के दिग्गज राजीव मेहरा और अनिल सावंत के बीच रस्साकशी तय है, जबकि एक सीट के आरक्षित हो जाने से समीकरण और उलझ गया है। कुल मिलाकर अनिल सावंत, गणेश शेट्टी, अरविंद शेट्टी, अनंत शिर्के, संजय थेराडे, रूपाली शिंदे और सचिन म्हात्रे जैसे वरिष्ठ पार्षदों का भविष्य अब पार्टी नेतृत्व के फैसले पर निर्भर है।

> “कलम से क्रांति करने वाले पत्रकारों को सिस्टम ठीक करने के लिए सिस्टम में आना होगा। इसी सोच के साथ मैंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है और बेहतर विकल्प मौजूद हैं।
>
> **महेंद्र वानखेड़े, पत्रकार**

> “जनहित के लिए अब नगरसेवकों को पुरानी सोच से ऊपर उठना होगा। गटर और मीटर जैसे मुद्दों से आगे बढ़कर अब स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देना ज़रूरी है। पढ़े-लिखे लोग जब हाउस में बैठेंगे तो निश्चित रूप से शहर और समाज में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।
>
> **भरत मिश्रा, पत्रकार**

# आखिरकार दहिसर टोला नाके की हुई शिफ्टिंग

विनय दूबे | भाईंदर

कई वर्षों से शहर के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के गले की फांस बना दहिसर टोल नाका आखिरकार 50 मीटर दूर खिसकाने में सफलता मिल गई है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के प्रयासों से यह संभव हो सका। इस फैसले से स्थानीय शिवसैनिकों और नागरिकों में खुशी की लहर है। हालांकि, ट्रैफिक समस्या से कितने दिनों तक राहत मिलेगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### टोल स्थानांतरण के लिए मंत्री सरनाईक ने दिखाया सख्त रुख



टोल प्लाजा स्थानांतरण को लेकर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सख्त रुख अपनाया। एमबीएमसी के आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद शर्मा के साथ मिलकर उन्होंने वैकल्पिक स्थान तलाशने में काफी मुश्किलों का सामना किया। पहले वेस्टर्न होटल, फिर घोड़बंदर और अंत में ससुनवघर गांव (वसई विरार मनपा सीमा) के पास एनएच 48 पर टोल स्थानांतरण की जगह तय की गई थी, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते इसे वर्सोवा ब्रिज के पार ले जाने का प्रस्ताव रद्द कर दिया गया।

### केंद्र की मंजूरी के बाद हुआ स्थानांतरण

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने 13 नवंबर को स्पष्ट किया कि ठेकेदार का अनुबंध 2029 तक होने के कारण फिलहाल टोल प्लाज़ा को अस्थायी रूप से 50 मीटर खिसकाने का निर्णय लिया गया है। दहिसर टोल प्लाजा पर बढ़ते ट्रैफिक और प्रदूषण को देखते हुए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास बोर्ड ने इसका प्रस्ताव राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भेजा था। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद यह स्थानांतरण किया गया। मंत्री सरनाईक ने कहा कि सरकार नागरिकों की सुविधा और यातायात सुगमता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# नागरिकों को मिलेगा मुआवजा

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका ने उच्च न्यायालय के आदेश पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब सड़कों या सीवरेज निर्माण में लापरवाही के कारण घायल या जान गंवाने वाले नागरिकों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए मनपा ने एक विशेष समिति गठित की है, जो पात्र पीड़ितों या उनके परिजनों को उचित मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। मनपा ने नागरिकों से प्रमाण सहित आवेदन करने की अपील भी की है। नवी मुंबई मनपा हर साल बड़ी संख्या में शहरी विकास और निर्माण कार्य करती है, जिनमें सड़क मरम्मत, नए मैनहोल, और जल निकासी तंत्र का सुधार शामिल है। हालांकि, अधूरे काम, खुले मैनहोल और सड़कों पर गड्ढों के कारण कई बार नागरिक दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। कुछ घटनाओं में लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि कुछ की दर्दनाक मौत भी हुई है। इन मामलों में नागरिक अक्सर मनपा पर लापरवाही का आरोप लगाते हैं। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद नवी मुंबई मनपा ने औपचारिक रूप से मुआवजा प्रक्रिया लागू कर दी है।

# शिवसेना यूबीटी, बविआ, मनसे के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी), बहुजन विकास आघाड़ी (बविआ) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। इन सभी कार्यकर्ताओं को महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पार्टी में उचित सम्मान दिए जाने का आश्वासन दिया।

### नम्रता वैती और सुभाष पवार सहित कई नेता हुए शामिल

मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में वसई की शिवसेना (यूबीटी) की पालघर की पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट नम्रता वैती (ठाकुर), विभाग प्रमुख रवी थालकर, ठाणे जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष पवार, महाराष्ट्र नवनिर्माण विद्यार्थी सेना के डोंबिवली शहर अध्यक्ष मिलिंद म्हात्रे और शहर प्रमुख ओमनाथ नाटेकर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राज्य मंत्री रवींद्र चव्हाण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में देश और राज्य में विकास की गाड़ी तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी विकास के एजेंडे से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटील, विधायक राजन नाईक, विधायक किसन कथोरे, प्रज्ञा पाटील सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश धुमाल राकांपा (एपी) में शामिल

## अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे की मौजूदगी में ग्रहण की सदस्यता

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश धुमाल ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) का दामन थाम लिया। धुमाल ने आज सुबह ही कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। मुंबई स्थित राकांपा (एपी) के मुख्य कार्यालय में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में प्रकाश धुमाल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे उपस्थित थे।

### कई अहम पदों पर निभाई जिम्मेदारी



धुमाल ने अपने राजनीतिक करियर में कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं, जिनमें जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सेवादल के संगठन सचिव और पार्टी निरीक्षक जैसे पद शामिल हैं। तटकरे ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों से पहले उनका पार्टी में शामिल होना राकांपा (एपी) के लिए एक बड़ी मजबूती साबित होगा।

### 40 वर्षों से जुड़े रहे कांग्रेस से

सुनील तटकरे ने बताया कि प्रकाश धुमाल पिछले 40 वर्षों से कांग्रेस के निष्ठावान नेता रहे हैं और उन्होंने हमेशा पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों की वकालत की है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के करीबी सहयोगी माने जाते हैं।

# सिंधी समाज ने निकाली आक्रोश रैली

### अमित बघेल के पोस्टर पर जूता मारा
### भगवान झूलेलाल पर दिए बयान से नाराज है समाज

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को शहर के गोल मैदान से झूलेलाल मंदिर तक विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। हजारों की संख्या में सिंधी समाज के लोग सड़कों पर उतरे और जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। सिंधी पत्रकार संगठन और सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित इस रैली में समाजबंधुओं ने एकजुट होकर आक्रोश व्यक्त किया।



### अमित बघेल के पोस्टर जलाए, जोरदार नारेबाजी

यह रैली गोल मैदान भगवती नवानी स्टेज से शुरू होकर नेहरू चौक और सिरु चौक से होते हुए झूलेलाल मंदिर पर समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों ने 'भगवान झूलेलाल की जय' और 'अमित बघेल मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने अमित बघेल के पोस्टर जलाकर विरोध जताया। युवाओं ने कहा कि यह अपमान सिर्फ सिंधी समाज का नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था पर भी आघात है।

### गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम

इस विरोध प्रदर्शन में संत साई लीलाराम, संत रिंकू भाई साहब, संत काली साई, विधायक कुमार आयलनी, भुल्लर महाराज, राजेश वधरिया, विक्की भुल्लर, बंडू देशमुख, दीपू छतलानी, रोहित सालवे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और संगठन शामिल हुए। सामाजिक कार्यकर्ता सत्यम पूरी ने कहा कि भगवान झूलेलाल का अपमान असहनीय है, इसलिए दोषी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि अमित बघेल की गिरफ्तारी पर पुलिस को 25 हजार रुपये का इनाम स्वयं जाकर देंगे।

# ऑटो गैरेज में लगी आग

### 3 चार पहिया वाहन जलकर खाक

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी-कल्याण रोड पर स्थित राजनोली नाका इलाके में बुधवार को केजे ऑटो गैरेज में अचानक आग लग गई। इस हादसे में गैरेज में मरम्मत के लिए खड़ी तीन कारें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। आग लगने की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं

फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। आग से गैरेज मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।



### स्थानीयों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय नागरिकों की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टल गई। लोगों ने गैरेज के आसपास खड़ी अन्य कारों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर हटा दिया, जिससे कई गाड़ियां जलने से बच गईं।

# सभी सफाई कर्मचारियों को दो महीने में मिलेगा उत्तराधिकार अधिकार का लाभ

### विधायक संजय केलकर ने की अधिकारियों के साथ बैठक

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मनपा के सभी सफाई कर्मचारियों को अगले दो महीनों में उत्तराधिकार अधिकार प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह अहम फैसला विधायक संजय केलकर, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक में हुआ। लंबे समय से लंबित मांगों और कर्मचारियों की परेशानियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### विधायक संजय केलकर की पहल पर हुई बैठक



सफाई कर्मचारियों के अनुरोध पर विधायक संजय केलकर ने मनपा मुख्यालय में अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्यालय उपायुक्त गोदापुरे, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले दो महीनों के भीतर सभी कर्मचारियों को उत्तराधिकार अधिकार का लाभ दे दिया जाएगा।

### शिक्षा विभाग के मुद्दों पर भी हुई चर्चा

बैठक में शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियों और कर्मचारियों को शामिल करने के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा की गई। कहा गया कि आने वाले दिनों में इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में महाराष्ट्र श्रमिक संघ के अध्यक्ष दत्ता घुगे, महासचिव अजीत मोरे और कोषाध्यक्ष सुधाकर शिंदे भी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने विधायक केलकर और मनपा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब एक क्लिक पर होगी उपलब्ध

## 'मेडलीपीआर' पोर्टल को सीसीटीएनएस डेटाबेस से जोड़ा जाएगा, जांच प्रक्रिया में आएगी तेजी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में मेडिको-लीगल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के प्रबंधन को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को जारी सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, अब सभी रिपोर्टें केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म 'मेडलीपीआर' (MedLiPR) पर एकीकृत की जाएंगी। यह प्रणाली राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित की गई है।

### सीसीटीएनएस से होगा एकीकरण

सरकारी आदेश के मुताबिक, मेडलीपीआर पोर्टल को पुलिस विभाग के अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) डेटाबेस से जोड़ा जाएगा। इस कदम से जांच अधिकारियों को मेडिकल परीक्षाओं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक सीधी डिजिटल पहुंच मिलेगी, जिससे जांच प्रक्रिया तेज और अधिक सटीक होगी। सरकार ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, नगर निगम अस्पताल और अन्य सरकारी चिकित्सा संस्थान जो मेडिको-लीगल मामलों को संभालते हैं, उन्हें मेडलीपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्टें इसी पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी।

उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव

# मनोज पवार बने वंचित बहुजन आघाड़ी के ठाणे जिला अध्यक्ष

### वंचित बहुजन आघाड़ी 20 पैनलों की सभी 78 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

वंचित बहुजन आघाड़ी की समीक्षा बैठक में मनोज पवार को ठाणे जिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया। यह बैठक उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव को ध्यान में रखकर बुधवार को मनोज पवार के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर मनोज पवार का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने अपने कार्य का शुभारंभ किया।

### दलित अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध पार्टी: पवार

सोनू पवार ने स्पष्ट किया कि वंचित बहुजन आघाड़ी भाजपा की किसी भी मित्र पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अन्य दलों के साथ जाने या न जाने का निर्णय वरिष्ठ नेतृत्व स्तर पर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में दलित समाज के अधिकारों और आवाज़ को मजबूती से प्रस्तुत किया जाएगा। उल्हासनगर में दलित मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या के चलते कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि वंचित बहुजन आघाड़ी को इस चुनाव में बड़ी सफलता मिलेगी।

### सभी 78 सीटों पर उतारे जाएंगे उम्मीदवार

बैठक में जिला प्रवक्ता सोनू पवार ने बताया कि वंचित बहुजन आघाड़ी उल्हासनगर महानगरपालिका की 20 पैनलों की सभी 78 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारकर चुनाव में पूरी ताकत से उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख प्रकाश आंबेडकर का उल्हासनगर से विशेष लगाव है, और इसी कारण आगामी चुनाव में पार्टी शहर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी।

मध्य रेल
मुंबई मंडल
निविदा सूचना क्र. CWE/MTN/85257307/2025 due on 22-12-2025
निविदा क्र. :- 85257307, निविदा विवरण : आरसीएफ ड्रग संख्या MI004277 alt. संख्या a के अनुसार एलएचबी कोचों के लिए साइड बफर असेंबली (हेलिकल स्प्रिंग प्रकार) (एलएच और आरएच) का सेट। मात्रा : 56 सेट, नियत तारीख - 22-12-2025, राशि - रु. 6076001/-
SUN 641 AMM(CWE)MTN
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल
मुंबई मंडल
आयल फिल्ट्रेशन प्लांट का मरम्मत / रिकंडीशनींग का कार्य
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421301, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों/ सर्विसेज के लिए खुली ई निविदा वेबसाईट www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित करते है। कार्य का विवरण - विद्युत लोको शेड, कल्याण में आयल फिल्ट्रेशन प्लांट मेक आदित्या इंजीनियरिंग और श्री गुरू का मरम्मत / रिकंडीशनींग का कार्य, मात्रा - 02 नंबर। निविदा क्र: ईएलएसकेवायएनवर्क्स 25-21-आयल-फील्ट, कार्य की औसत लागत - रु. 14,95,060/- (18% जीएसटी सहित), बिड सिक्योरिटी - रु. 29,900/-, निविदा पत्र का मूल्य - शून्य, समापन/ अनुरक्षण अवधि - 06 माह, अनुदेश: 1. उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 05-12-2025 को 11.00 बजे और उसी दिन 11.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा ऑफर की वैधता 60 दिन है। 2. निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.Ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं। सम्पूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण ४२१३०१ के कार्यालय मे भी उपलब्ध हैं।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) कल्याण
SUN 638
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल
वैगनों की वेल्डिंग एवं कटिंग का कार्य
ई-टेंडर नोटिस
कार्य का विवरण :- कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप कुर्दुवाडी के परिसर में माइल्ड स्टील वैगन में वैगनों की वेल्डिंग एवं कटिंग का कार्य खुली निविदा के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए, अनुमानित लागत : रु.9846524.00/- निविदा प्रपत्र का शुल्क : कुछ नहीं, ईएमडी - रु. 196900.00/- समापन अवधी - 12 महीने, ई-निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 28.11.2025 के 15:00 बजे तक है, ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारिक वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in खुली निविदा संख्या: KWV-PO-BG-MS-1 तिथी - 06.11.2025
SUN 637
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल
मुंबई मंडल
ईसीए परीक्षण कार्य
निविदा सूचना क्र.- GEM/2025/B/6858697
कार्य का विवरण - एलएचबी पहियों पर सतह दरार का पता लगाने के लिए ईसीए परिक्षण।, मात्रा - रेट शेड्यूल के अनुसार, निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि - Up to 02-12-2025 17:00 बजे तक. निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज www.gem.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी।
SUN 649 उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (I)
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल
मुंबई मंडल
मेटैलिक चिप बेलिंग की गतिविधि का कार्य
निविदा सूचना क्र.- GEM/2025/B/6869517
कार्य का विवरण - माटुंगा वर्कशॉप के व्हील शॉप में मेटैलिक चिप बेलिंग की गतिविधि।, मात्रा - रेट शेड्यूल के अनुसार, निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि - Up to 02-12-2025 12:00 hrs. निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज www.gem.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी।
SUN 646 उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (III)
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल
मुंबई मंडल
निविदा सूचना क्र. CWE/MTN/85257303/2025 due on 10-12-2025
निविदा क्र. :- 85257303, निविदा विवरण : आरडीएसओ विनिर्देशन आरडीएसओ/2009/सीजी-22 रेव-01 के अुसार ट्रांजिशन स्क्रू कपलिंग और बैलेंस ड्राफ्ट गियर तथा अन्य सभी संबद्ध घटकों सहित उच्च तन्यता वाले एआर एच प्रकार के टाइट लॉक कपलर की आपूर्ति। मात्रा : 180 Nos, नियत तारीख - 10-12-2025, राशि - रु.50243008/-
SUN 640 AMM(CWE)MTN
खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

# नगरपालिका चुनाव के लिए कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों पर मुहर

## कांग्रेस की राज्य चुनाव समिति की बैठक संपन्न

देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

मुंबई के तिलक भवन में कांग्रेस की राज्य चुनाव समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधान परिषद के गटनेता सतेज ऊर्फ बंटी पाटिल, सहप्रभारी बी.एम. संदीप, पूर्व मंत्री नसीम खान, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन जोशी, वजाहत मिर्जा, महासचिव एड. गणेश पाटिल, सिद्धार्थ हत्तीअंबिरे और सचिन नाइक उपस्थित रहे। बैठक में नगरपालिका और नगर पंचायत चुनावों के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची को मंजूरी दी गई।

### गठबंधन की रणनीति और उम्मीदवार चयन



सपकाल ने बताया कि स्थानीय नेतृत्व से चर्चा कर उम्मीदवारों का चयन किया गया है। हर जिले के राजनीतिक समीकरण अलग होने के कारण, स्थानीय स्तर पर समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन किया गया है। कुछ जिलों में वंचित बहुजन आघाड़ी, शेकाप, किसान संगठन और रासप के साथ गठबंधन हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनसे के साथ किसी भी जिले में गठबंधन का कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

### भाजपा नेताओं का कांग्रेस में प्रवेश और भविष्य की रणनीति

बैठक के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जुनेद खान ने अपने सहयोगियों के साथ कांग्रेस में प्रवेश किया। इस अवसर पर सपकाल और विजय वडेट्टीवार ने उनका स्वागत किया। सपकाल ने कहा कि 'ट्रिपल इंजन सरकार' के कई पदाधिकारियों में असंतोष है और आने वाले समय में सत्ताधारी दल के कई महत्वपूर्ण नेता कांग्रेस में शामिल होंगे। बैठक की शुरुआत में चिखली तालुका कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र भूसारी को सड़क दुर्घटना में निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### सत्ता के लिए लाचार हैं अजित पवार : हर्षवर्धन सपकाल

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे सत्ता के लिए इतने लाचार हैं कि सत्ता से बाहर जाने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि राज्य की 'ट्रिपल इंजन सरकार' में आंतरिक मतभेद चरम पर हैं, लेकिन सत्ता के लालच में सभी दल किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

# जज साहब बने 'वॉन्टेड'!

## जमीन विवाद में फैसला फेवर में सुनाने के लिए 25 लाख मांगे



## 15 लाख लेते पकड़ा गया क्लर्क

**मुंबई।** मुंबई के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने सेशंस कोर्ट के एक जज को वांटेड आरोपी घोषित किया है। वहीं, ACB ने जज के क्लर्क चंद्रकांत वासुदेव को 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के अनुसार, क्लर्क ने एक बिजनेसमैन से 25 लाख रुपये की डिमांड की थी—जिसमें 10 लाख खुद के लिए और 15 लाख जज के लिए बताई थी। अब ACB ने सेशंस कोर्ट के जज एजाजुद्दीन एस. काजी और क्लर्क दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

यह रिश्वतखोरी का मामला बांद्रा के एक बिजनेसमैन की पत्नी से जुड़ा है, जिसने अपनी जमीन पर कब्जे की शिकायत 2015 में बॉम्बे हाई कोर्ट में की थी। चूंकि जमीन की कीमत 10 करोड़ रुपये से कम थी, इसलिए हाई कोर्ट ने यह मामला मार्च 2024 में मझगांव स्थित सेशंस कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया था। 9 सितंबर 2025 को इस केस की सुनवाई हुई, जिसके बाद जज के क्लर्क ने बिजनेसमैन को चेंबूर के एक कैफे में बुलाकर पैसे की डिमांड की।

क्लर्क वासुदेव लगातार बिजनेसमैन से रिश्वत मांगता रहा। इसके बाद बिजनेसमैन ने 10 नवंबर को मुंबई ACB के वर्ली ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और 11 नवंबर को क्लर्क को 15 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

# महंगा पड़ा धरना प्रदर्शन

## अवैध धरना को लेकर सीएसएमटी के दो कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज किया मामला

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई रेलवे पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर 6 नवंबर को हुए अवैध विरोध प्रदर्शन के मामले में सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (सीआरएमएस) के दो कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। यह प्रदर्शन मुंब्रा स्टेशन पर हुई दुर्घटना में मारे गए पांच लोगों के मामले में दो इंजीनियरों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग को लेकर किया गया था।



### दो कर्मचारियों पर मामला दर्ज

रेलवे पुलिस ने एस.के. दुबे और विवेक सिसोदिया के खिलाफ सीएसएमटी रेलवे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, बिना अनुमति धरना आयोजित करना गैरकानूनी है, जिससे रेलवे परिचालन प्रभावित हुआ और यात्रियों को परेशानी हुई। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 189(2), 190, 127(2), 221, 223 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1), 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा आईपीसी की धारा 163 के तहत लागू निषेधाज्ञा का भी उल्लंघन पाया गया।

### प्रदर्शन से ट्रेन सेवाएं हुई थी ठप

घटना की शुरुआत शाम 4 बजे सीआरएमएस अध्यक्ष प्रवीण वाजपेयी के नेतृत्व में मिलन हॉल से हुई। लगभग 100-200 कर्मचारी शांतिपूर्वक डीआरएम कार्यालय की ओर मार्च कर रहे थे, लेकिन आधिकारिक कार्यक्रम खत्म होने के बाद शाम 5:30 बजे एस.के. दुबे और विवेक सिसोदिया के नेतृत्व में 30-40 कर्मचारी मोटरमैन लॉबी में घुस गए। उन्होंने लोहे की बेंचों से प्रवेश द्वार बंद कर दिया, जिससे कर्मचारी अंदर फंस गए और शाम 5:41 बजे से लोकल ट्रेन सेवाएं ठप हो गईं। लगभग एक घंटे तक यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। डीआरएम के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद शाम 6:38 बजे सेवाएं बहाल हुईं। रेलवे पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी, जो रेलवे पुलिस आयुक्तालय के नियमों का उल्लंघन है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस आंदोलन को भड़काने या समर्थन देने में और कौन शामिल था। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए जल्द बुलाया जाएगा।

# फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## 5 आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुलुंड पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड का खुलासा करते हुए मुलुंड पश्चिम के एक फ्लैट में चल रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को ठगने का काम कर रहे थे। इस कार्रवाई में पुलिस को भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 76,000 रुपये नकद मिले।



### विदेशी नागरिकों से ऋण देने के नाम पर ठगी

पुलिस के अनुसार, यह कॉल सेंटर अमेरिकी और कनाडाई नागरिकों को फोन कर खुद को वहां के बैंक या वित्तीय कंपनी का अधिकारी बताता था। आरोपी पीड़ितों को तुरंत ऋण देने का झांसा देते और 'प्रोसेसिंग फीस' के नाम पर पैसा वसूलते थे। भुगतान के बाद न तो ऋण दिया जाता और न ही कोई संपर्क किया जाता, जिससे विदेशी नागरिक ठगी का शिकार बन जाते थे।

### मुख्य आरोपी सागर गुप्ता गिरफ्तार

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 27 वर्षीय सागर गुप्ता को इस नेटवर्क का मुख्य संचालक बताया। सागर ने अपने साथियों अभिषेक सिंह, तन्मय धाड़ सिंह, शैलेश शेट्टी और रोहन अंसारी को नियुक्त कर कॉल सेंटर संचालित किया था। पुलिस ने 2 लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, 2 राउटर और नकदी बरामद की। आरोपी 'लेंडिंग पॉइंट' नामक अमेरिकी वित्तीय कंपनी के नाम पर ई-सिम कार्ड के जरिए पीड़ितों से संपर्क करते थे और असुरक्षित ऋण का झांसा देते थे।

### गिरोह की जांच जारी

मुलुंड पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(2), 338, 340(2), 319(2), 336 और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के मुताबिक, यह एक सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय ठगी का गिरोह है। पुलिस डिजिटल फोरेंसिक जांच कर रही है ताकि ठगे गए पीड़ितों की संख्या और अंतरराष्ट्रीय लेन-देन की जानकारी जुटाई जा सके। विदेशी एजेंसियों से भी संपर्क स्थापित किया जाएगा ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके।


## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

दूरभाष: 022-66405484 ई-मेल: eecityslum@gmail.com

संदर्भ संख्या: EE/City/MSIB/e-tender/Labour Soc/21/2025-26

कार्यकारी अभियंता (शहर विभाग), मुंबई स्लम सुधार बोर्ड (म्हाडा का एक विभाग), कक्ष क्र. 539, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051, दूरभाष क्र. (022) 66405484, द्वारा **08** कार्यों के लिए बी-1 (प्रतिशत दर) के रूप में ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। यह निविदाएँ मुंबई शहर जिले के जिला उपनिबंधक (DDR) के साथ पंजीकृत श्रमिक सहकारी समितियों से ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित की जा रही हैं। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार की वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज विक्रय तिथि: प्रारंभ: **17.11.2025** को **प्रातः 01:05 बजे** से **समापन: 24.11.2025 को सायं 05:35 बजे** तक। यदि कोई शुद्धिपत्र / संशोधन जारी किया जाता है, तो वह केवल उपरोक्त **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। शर्तयुक्त (Conditional) निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/951

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
M.S.I.B. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण


# शिवसेना नेता ने बेच दिया फुटपाथ

## पानीपुरीवाले से 3 लाख ठगी का आरोप

**मुंबई।** मुंबई के मुलुंड इलाके में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पानीपुरी विक्रेता को फुटपाथ का हिस्सा बेचने के नाम पर ठग लिया गया। पीड़ित संतोष बच्छुलाल गुप्ता ने आरोप लगाया है कि शिवसेना (शिंदे गुट) के स्थानीय नेता अविनाश बागुल ने उनसे साल 2023 में फुटपाथ का एक हिस्सा 3 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था। गुप्ता के अनुसार उन्होंने 50 हजार रुपये नकद और 2.5 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए दिए थे, लेकिन अब तक न तो उन्हें फुटपाथ मिला और न ही पैसे लौटाए गए। दो साल बाद जब गुप्ता को शक हुआ और उन्होंने जानकारी जुटाई, तो उन्हें पता चला कि जिस फुटपाथ का सौदा किया गया था, वह वास्तव में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) की संपत्ति है। जब गुप्ता ने अपने पैसे वापस मांगे, तो बागुल ने उन्हें एक पुराना चेक दिया जो बाउंस हो गया।


## मध्य रेल

मुंबई मंडल

शुद्धिपत्र

यह एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है की निविदा सूचना स.म.रे./म.रे.प्र.(कार्य)बी.बी./2025-32 के अ.क्र. 03 पर प्रकाशित कार्य की निविदा दिनांक जो 11.11.2025 को खुलेगी थी उसे अब प्रशासनिक कारण से रद्द किया जाता है।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
छ.शि.म.ट. मुंबई

SUN 636

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## मध्य रेल

भुसावल मंडल

ई-निविदा सूचना

भारत के महामहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीजनल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डिजिटली हस्ताक्षरित ऑनलाइन ओपन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **टेंडर नोटिस न.** - भुसावल ईलेक्ट_टीआरडी_80_2025 दिनांक 12/11/2025, **कार्य का नाम** - भुसावल - नंदगांव खंड में टीआरडी संस्थापनों में विविध रंगाई-पुताई कार्य। **कार्य की लागत** - रु. 35,78,616.00/-, **बयाना राशि** - रु. 71,600.00/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय** - 03/12/2025 up to 15:00 hrs. **अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट का पता** - www.ireps.gov.in

सीनियर डिवीजनल बिजली इंजीनियर (क.वि.)

SUN 13

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

## मध्य रेल

मुंबई मंडल

फायर एक्सटीन्गुइसर्श का रिफिल्लिंग तथा मेंटेनेंस

खुली निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ट्रैक्शन रोलिंग स्टॉक), सानपाडा कारशेड, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण** - ई एम् यु कारशेड सानपाडा में दो वर्ष के लिए फायर एक्सटीन्गुइसर्श का रिफिल्लिंग तथा मेंटेनेंस। मात्रा: 50 किलोग्राम क्षमता वाले डी सी पी टाइप के - 27 नग तथा 75 किलोग्राम क्षमता वाले डी सी पी टाइप के - 21 नग, **निविदा क्रमांक: सानापाडा/आरएस/वर्कस/25/04, अनुमानित लागत** - Rs. 3,67,551.12/-, **निविदा पुस्तिका की किमत** - Rs. 0/-, **बयाना रकम** - Rs. 7,400/-, **निविदा जमा करने की तिथि और समय** - 10.12.2025 को 12.00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि और समय** - 10.12.2025 को 12.15 बजे, ठेकेदारों को सुचित किया जाता है की निविदा पुस्तिका की कीमत एवं वयाना रकम का भुगतान केवल नेट बँकींग, डेबीट कार्ड अथवा केडीट कार्ड द्वारा ही किया जाए जीसकी जानकारी IREPS पोर्टल पर दि गई है। डिमांड ड्राफ्ट, डिपॉजीट रसीद, बँकर्स चेक, जमा रसीद को स्वीकृत नही किया जाएगा। निविदा संबंधी अधिक जानकारी भारतीय रेल्वे की वेबसाइट www.ireps.gov.in से की जा सकती है एवम् निविदा पुस्तिका वेबसाइट से डाउनलोड़ की जा सकती है। निविदा पुस्तिका एवं अधिक जानकारी वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजिनियर (कचस्टॉक) के कार्यालय, सानापाडा इएमयू कारशेड, नवी मुम्बई- 400 705 से भी प्राप्त कर सकते है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कचस्टा) सानपाडा

SUN 633

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## मध्य रेल

मध्य रेलवे (सर्वेक्षण और निर्माण संगठन)

**ई-निविदा (ओपन टेंडर) सूचना संख्या CR03-CME-C-HQ-2025-PMS दिनांक: 10-11-2025**

मुख्य यांत्रिक अभियंता (निर्माण), मध्य रेलवे, 6वीं मंजिल, नई प्रशासनिक इमारत, डी.एन. रोड, सीएसएमटी, मुंबई-400 001, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS वेबसाइट (ई-निविदा पोर्टल): www.ireps.gov.in पर दो-पैकेट प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम** - निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है: (i) घोरपडी कोच मेंटेनेंस कॉम्प्लेक्स, पुणे का वंदे भारत चेयर कार मेंटेनेंस सह वर्कशॉप डिपो में उन्नयन/विकास। (ii) वाडीबंदर कोचिंग कॉम्प्लेक्स, मुंबई का वंदे भारत चेयर कार मेंटेनेंस सह वर्कशॉप डिपो में उन्नयन/विकास और (iii) अजनी कोच केयर कॉम्प्लेक्स, नागपुर का वंदे भारत ट्रेन मेंटेनेंस सह वर्कशॉप डिपो में उन्नयन/विकास। **निविदा मूल्य** - रु. 4,75,34,346.00/- (चार करोड़ पचहत्तर लाख चौंतीस हजार तीन सौ छियालीस रुपये मात्र), **बोली सुरक्षा** - रु 3,87,700.00/-, **निविदा फॉर्म की लागत** - लागू नहीं, **प्रस्ताव की वैधता** - निविदा खुलने की तारीख से 120 दिन।, **पूर्णता अवधि** - 18 (अठारह) महीने, मानसून सहित। **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता** - वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध। **निविदा जमा करने और खोलने की तिथि एवं समय** - ई-निविदाएँ, सभी दृष्टियों से पूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित, उपरोक्त वेबसाइट पर 10-12-2025 को प्रातः 11.00 बजे तक अपलोड की जानी चाहिए। निविदा (केवल तकनीकी बोली) उसी दिन 11.00 बजे के बाद ऑनलाइन खोली जाएगी। मूल बैंक गारंटी बांड (Clause 2.2.1 & 2.3 of RFP के अनुसार) का भौतिक रूप से प्रस्तुतिकरण 10.12.2025 को शाम 18.00 बजे (IST) तक उपरोक्त पते पर करना अनिवार्य होगा। (नोटः निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त भौतिक दस्तावेजों की रशीद पर विचार नहीं किया जाएगा और निविदा सीधे निरस्त कर दी जाएगी।) **संयुक्त उद्यम फर्म** - संयुक्त उद्यम (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।, **निविदाकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण नोट्स** - 1. निविदा केवल ई-निविदा के माध्यम से ही की जाएगी। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को पहले IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पंजीकरण करना आवश्यक है। 2. संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी पेशकश को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा करने से पहले निविदा विवरणों को पढ़ें, जिसमें शर्तें और पात्रता मानदंड शामिल हैं। 3. समय-समय पर जारी किए गए निविदा दस्तावेज और सुधार उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यदि कोई परिवर्तन होता है, तो इसे निविदा खुलने से कम से कम 15 दिन पहले इस वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। 4. बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत दरों में जीएसटी शामिल नहीं होगा। **अधिक जानकारी/स्पष्टीकरण हेतु संपर्क करें:** एस.एस.ई. (निर्माण), मध्य रेल, मुंबई, 5वीं मंज़िल, नई प्रशासनिक इमारत, डी. एन. रोड, सीएसएमटी, मुंबई - 400 001। (समयः प्रातः 10.00 बजे से सायं 17:30 बजे तक) **नोट:** यदि हिंदी और अंग्रेजी संस्करणों के बीच किसी भी प्रकार के शब्दों, शर्तों और नियमों में कोई अंतर होता है, तो उस स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को अंतिम और लागू माना जाएगा।

मुख्य यांत्रिक अभियंता (निर्माण)

SUN 642 खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

विषय - बृहन्मुंबई महानगरपालिका, लोकमान्य तिलक मेमोरियल अस्पताल, सायन के गंदे कपड़ों की निजी मशीनीकृत लॉन्ड्री से विद्युत धुलाई केंद्र में आपातकालीन धुलाई के संबंध में।

| | |
|---|---|
| बोली संख्या | 2025_MCGM_1244310_1 |
| बोली खोलने की तिथि और समय | 13.11.2025, शाम 4:00 बजे |
| बोली बंद करने की तिथि और समय | 20.11.2025, शाम 4:00 बजे |
| संपर्क अधिकारी का नाम | श्री. एन. टी. जाधव |
| मोबाइल नंबर | 9769005647 |
| बेबसाइट | https://portal.mcgm.gov.in/ https://mahatenders.gov.in |
| ईमेल पता | aempl.me@mcgm.gov.in |

पीआरओ/ 2212/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता यांत्रिक (दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### वृक्ष प्राधिकरण
### -सार्वजनिक सूचना-

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम, 1975 (जनवरी 2018 में संशोधित) की धारा 8(3) (क) के प्रावधानों के अनुसार, 'आर/मध्य' अनुभाग से **02** प्रस्ताव और 'आर/दक्षिण' अनुभाग से 01 प्रस्ताव, अर्थात् कुल **03** प्रस्ताव माननीय नगर आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) / वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) / महाराष्ट्र राज्य वृक्ष प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन हेतु प्राप्त हुए हैं।

उपरोक्त प्रस्तावों में वृक्षों की कटाई और पुनःरोपण संबंधी विवरण महानगरपालिका की वेबसाइट mcgm.gov.in पर उपलब्ध हैं। बृहन्मुंबई महानगरपालिका विभाग एवं लेखा-जोखा, लेखा-वार सूचना पुस्तिका, उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण दस्तावेज़, **विज्ञापन 7 दिन- W.S.- Z-VII-80।**

यदि उपरोक्त प्रस्तावों के संबंध में नागरिकों की कोई आपत्ति या सुझाव हों, तो उन्हें इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में लिखित रूप में अधीक्षक उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। साथ ही, आप अपनी आपत्तियाँ/सुझाव निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित ई-मेल **dysg.ta@mcgm.gov.in** पर भी दर्ज करा सकते हैं।

निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत न की गई आपत्तियों/सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा। कृपया ध्यान दें। यदि आवश्यक हो, तो आप इन सुझावों/आपत्तियों की लिखित/ई-मेल प्रति के साथ व्यक्तिगत रूप से भी सुनवाई में उपस्थित हो सकते हैं। उक्त सुझावों/आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 26/11/2025 को सायं 4.30 बजे से 5.00 बजे के बीच अधीक्षक उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

**वृक्ष प्राधिकरण के उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक**
उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक का कार्यालय, द्वितीय तल,
हम्बोल्ट पेंगुइन भवन, वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान एवं
चिड़ियाघर, संत सावता माली मार्ग,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027
दूरभाष क्रमांक -23742162
ईमेलः dysg.ta@mcgm.gov.in

पीआरओ/2223/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

एसआरए/सीओ/ओडब्ल्यू/2025/46052 सहकारी प्रकोष्ठ, स्लम पुनर्वास प्राधिकरण,
जा.क्र./झो.पु.प्रा./सनि/कार्यसन-1/टे.सी.4/सन 2025/दिनांकः 13/11/2025

### आम बैठक की सूचना

**श्री दुर्गा एस.आर.ए. सहकारी आवास सोसायटी (नियोजित)** क्रमांक 498 (भाग), 766 (भाग), 768, 772 (भाग), 773 (भाग), 774, 775 (भाग), 776 (भाग), 777 (भाग), 778 (भाग), 779 (भाग), 780, 781 (भाग), 782 (भाग), 783 (भाग) और 784 (भाग), मौजे कांदिवली, ताल. बोरीवली, पृथ्वीराज चौहान मार्ग, 90 फीट रोड के पास, कांदिवली (पश्चिम)मुंबई-400067। इस विभाग को प्राधिकरण से परिपत्र क्रमांक 144 (ड) के अनुसार इस संस्था का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उक्त प्रस्ताव के अनुसार, मुझे माननीय सहायक रजिस्ट्रार, (पूर्वी एवं पश्चिमी उपनगर), झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण, बृहन्मुंबई द्वारा आम सभा आयोजित करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

तदनुसार, उक्त संस्था की आम बैठक **शनिवार, दिनांक 29/11/2025 को प्रातः 10:00 बजे, पता: लोहाना बालाश्रम हॉल, मथुरादास एक्सटेंशन रोड, अतुल टावर के पास, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई-400067,** आयोजित की गई है। उक्त बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और निर्णय लिए जाएँगे। तथापि, संबंधित झुग्गी-झोपड़ी मालिकों से अनुरोध है कि वे उक्त बैठक में अवश्य उपस्थित रहें।

**-: बैठक के विषय:-**

1) मुख्य प्रवर्तक एवं अन्य प्रवर्तकों का चुनाव।
2) नियोजित संस्था के लिए विकासकर्ता एवं वास्तुकार का चयन।

स्थानः मुंबई
दिनांकः 13/11/2025

हस्ता/-
**(अरुण जाधव)**
प्राधिकृत अधिकारी एवं
सहयोगी अधिकारी ग्रेड-1, अंचल कार्यालय, बृहन्मुंबई

**सूचनाः-** मुख्य प्रवर्तक एवं अन्य प्रवर्तकों के चुनाव का कार्यक्रम इस प्रकार होगा।

| अ.क्र. | समय | विषय |
|---|---|---|
| १) | बैठक द्वारा दिए गए समय से आधा घंटा | मुख्य प्रवर्तक एवं अन्य प्रवर्तकों के लिए नामांकन आवेदन दाखिल करना, |
| २) | 15 मिनट | प्राप्त आवेदनों की जाँच। |
| ३) | 15 मिनट | नामांकन पत्रों की वापसी। |
| ४) | 15 मिनट | पैनल की माँग |
| ५) | अगला आधा घंटा | प्रतीक आवंटन। |

- मुख्य प्रवर्तक एवं अन्य प्रवर्तकों के पद हेतु निर्धारित आवेदन प्राधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध रहेंगे।
- कुल दो मतपत्र होंगे, एक मुख्य प्रवर्तक पद के लिए और दूसरा प्रवर्तक मंडल के सदस्यों के लिए।
- बैठक का प्राधिकृत अधिकारी, कार्यसूची में विषय संख्या 1 के अनुसार मुख्य प्रवर्तक के निर्वाचित होने तक अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा, जिसके पश्चात मुख्य प्रवर्तक बैठक के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा। (बैठक में कार्यसूची में दिए गए विषय के अतिरिक्त किसी अन्य विषय पर चर्चा नहीं की जा सकेगी)
- बैठक में नियुक्त विकासकर्ता एवं वास्तुकार सहमत हैं या नहीं, यह सत्यापित करने के लिए संगठन 23.03.2025 को मतदान कराएगा। संबंधित विकासकर्ता एवं वास्तुकार को उक्त पुनर्वास योजना के क्रियान्वयन हेतु अपनी सहमति के संबंध में बैठक के समय सहमति पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
- संगठन के प्रारूप परिशिष्ट-2 के अनुसार, दो झोपड़पट्टी धारकों में से केवल एक व्यक्ति, पति/पत्नी, ही बैठक में उपस्थित हो सकेंगे। किसी अन्य रिश्तेदार या प्रतिनिधि को बैठक में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी।
- प्रारूप परिशिष्ट-2 में शामिल व्यक्तियों को पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदान पहचान पत्र/पैन कार्ड आदि) के साथ उपस्थित होना होगा जिससे उनकी पहचान हो सके।
- संगठन के प्रारूप सदस्यों को प्रवेश देते समय, उन्हें अपनी पहचान प्रमाणित करने, बैठक की उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने और बायोमेट्रिक पद्धति से उपस्थिति दर्ज कराने के बाद ही हॉल में प्रवेश करने दिया जाएगा।
- प्राधिकरण द्वारा बैठक की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी।
- मुख्य प्रवर्तकों और अन्य प्रवर्तकों की कुल संख्या सहकारी आवास समितियों के आदर्श उपनियमों में निर्दिष्ट अनुसार होगी।
- संगठन, उक्त बैठक की सूचना संगठन के सभी पात्र झोपड़ी धारकों तक पहुँचाने के लिए पूर्णतः उत्तरदायी होगा।

प्रति,
**श्री/श्री. --- ----------------------------प्रारूप परिशिष्ट-2 ए.सं.--------------**
**श्री दुर्गा एस.आर.ए. सहकारी आवास समिति (नियोजित)** सं. बी.ओ. सं. 498 (भाग), 766 (भाग), 768, 772 (भाग), 773 (भाग), 774, 775 (भाग), 776 (भाग), 777 (भाग), 778 (भाग), 779 (भाग), 780, 781 (भाग), 782 (भाग), 783 (भाग) और 784 (भाग), गांव कांदिवली, ताल। बोरीवली, पृथ्वीराज चौहान मार्ग, 90 फीट रोड के पास, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई-400067.
**संगठन के सूचना पट्ट पर जानकारी के लिए, श्री दुर्गा एस.आर.ए. सहकारी आवास समिति (नियोजित)** क्रमांक भूमि क्रमांक 498 (भाग), 766 (भाग), 768, 772 (भाग), 773 (भाग), 774, 775 (भाग), 776 (भाग), 777 (भाग), 778 (भाग), 779 (भाग), 780, 781 (भाग), 782 (भाग), 783 (भाग) और 784 (भाग), ग्राम कांदिवली, ताल. बोरीवली, पृथ्वीराज चौहान मार्ग, 90 फीट रोड के पास, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई-400067.
प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः
**माननीय सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां** (पूर्वी और पश्चिमी उपनगर), आंचलिक कार्यालय, बृहन्मुंबई।

**प्रशासनिक भवन, अनंत कानेकर मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051**
दूरभाषः 26565800/26590405/1879, फैक्सः 91-22-26590457,
वेबसाइटः www.sra.gov.in, ईमेलः info@sra.gov.in

संपादकीय

# धमाके के सुलगते सवाल

सुरक्षा की दृष्टि से चाकचौबंद मानी जाने वाली देश की राजधानी में लाल किले के पास हुए भीषण धमाके ने कई ज्वलंत सवालों को जन्म दिया है। सुरक्षा व्यवस्था के छिद्रों को पाटने की जरूरत के साथ चेताया है कि हमारी जरा सी चूक से आतंकवादियों को फिर से पांव जमाने का मौका मिल सकता है। अब जब मामले की जांच देश की शीर्ष खुफिया एजेंसियां कर रही हैं तो जांच के निष्कर्ष ही हकीकत बताएंगे। लेकिन धमाके का स्तर और उससे हुई जनधन की हानि चिंता बढ़ाने वाली है। निश्चित ही यह घटना एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। सवाल यह भी उठता है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपराधी कैसे इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ संवेदनशील इलाके में ले जाने में सफल हुए। प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार जम्मू-कश्मीर के रास्ते उत्तर प्रदेश व हरियाणा तक फैले कश्मीरी डॉक्टरों के एक समूह ने घटना को अंजाम दिया। इस घटनाक्रम ने पूरे देश को चौंकाया कि समाज में दूसरे भगवान का दर्जा पाने वाले डॉक्टर कैसे लोगों के चिथड़े उड़ाने वाले कृत्य को अंजाम दे सकते हैं? उनकी उस शपथ का क्या हुआ जो डॉक्टर पढ़ाई पूरी करने के बाद लोगों की जीवन रक्षा के लिए लेते हैं? अब तक यह मान्यता रही है कि आतंकवादी संगठनों से वे लोग ही जुड़ते हैं, जो कम पढ़े-लिखे होते हैं और विध्वंसकारी ताकतों के बहकावे में आकर आतंकवाद की राह में उतर जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से इस आतंक के स्लीपर सैल में डॉक्टरों के समूह का शामिल होना बेहद चिंता का विषय है। जो समाज के उस विश्वास को तोड़ता है कि डॉक्टर हमेशा जीवन देने वाला ही होता है। भविष्य में यह खतरनाक प्रवृत्ति अन्य व्हाइट क़ॉलर जॉब करने वाले समूह को भी घातक रास्ते पर ले जा सकती है। ऐसे में हमें लाल किले के निकट घटी घटना को गंभीरता से लेना चाहिए और आसन्न खतरे को महसूस भी करना चाहिए। बहरहाल, लाल किले के निकट की घटना एक आतंकी साजिश थी या बड़ी साजिश को अंजाम देने निकले अपराधियों की चूक से समय से पहले घटी घटना, ये एनआईए की जांच से ही पता चल सकेगा। लेकिन जो क्षति घटनास्थल पर हुई है वह किसी आतंकी घटना से कम तो नहीं है। बहरहाल, राष्ट्रीय राजधानी में हुई घटना के चलते भविष्य के खतरे के मद्देनजर सभी दृष्टिकोणों से मामले की जांच की जानी चाहिए। शायद इसी कारण से दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम व अन्य कठोर धाराओं में मामला दर्ज करके जांच का दायरा बढ़ाया गया है। लेकिन इस घटनाक्रम के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के प्रश्न भी हमारे सामने हैं कि कैसे अपराधी इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ राजधानी में ले जाने में सफल हुए। जिसके चलते भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये सभी जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। याद रहे कि अतीत में भी कई बार दिल्ली को आतंक से दहलाने की कोशिशें हुई हैं। हमें उन घटनाओं से भी सबक लेने की जरूरत है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद के मामले में जरा सी चूक भी व्यापक क्षति का सबब बन सकती है। देश को अस्थिर करने की किसी भी साजिश को विफल बनाने और आम लोगों का जीवन सुरक्षित बनाने के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है। इस नये टेरर मॉड्यूल के मद्देनजर भी निगरानी का दायरा बढ़ाने की जरूरत है। पता लगाने की जरूरत है कि कैसे अपराधी इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ वाया फरीदाबाद दिल्ली पहुंचाने में सक्षम बने।

# बाल दिवसः उत्सव से कहीं अधिक भविष्य के लिए एक प्रतिबद्धता

ए. इब्राहिम शेरिफ
आईआरपीएफएस, डीआईजी-कम-सीएससी, आरपीएफ/ दक्षिणी रेलवे

हर साल, 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में। पंडित नेहरू एक ऐसे नेता थे जो बच्चों को बहुत प्यार करते थे और उन्हें भारत के भविष्य के निर्माता के रूप में पोषित करने में विश्वास करते थे। इस खुशी के दिन, स्कूल हँसी से गूंज उठते हैं, पार्क रंगों से भर जाते हैं, और समुदाय बचपन की भावना का जश्न मनाने के लिए एकत्रित होते हैं। लेकिन इन उत्सवों के बीच, एक मौन, सजग शक्ति भी मौजूद है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त सार्वजनिक स्थलों में से एक, भारतीय रेलवे में बच्चों की मासूमियत की रक्षा के लिए, गुब्बारों या मिठाइयों से नहीं, बल्कि साहस और करुणा के साथ, चौबीसों घंटे काम करती है। हम बात कर रहे हैं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की, जो गुमनाम नायक हैं और जो सिर्फ यात्रियों और रेलवे संपत्ति की ही नहीं, बल्कि उससे भी कहीं ज़्यादा की सुरक्षा करते हैं।

₹आज के बच्चे कल के भारत का निर्माण करेंगे।
- पंडित जवाहरलाल नेहरू

आरपीएफ सपनों की रक्षा करता है और वे बच्चों की भी। लेकिन रेलवे प्लेटफॉर्म के कोनों में, सीढ़ियों के नीचे, प्रतीक्षालय में और चलती ट्रेनों में, हज़ारों बच्चे ऐसे हैं जिन्हें इस उत्सव के बारे में कुछ भी पता नहीं है। दिन-दहाड़े, भागती भीड़ की नज़रों से ओझल होकर तस्करी का शिकार हुए बच्चे, दुर्व्यवहार से भागकर किसी और जाल में फँसने वाले बच्चे, परित्यक्त, खोए हुए या बाल श्रम में धकेले गए बच्चे, समय से बहुत पहले ही उनकी मासूमियत छीन ली गई। इन भुला दिए गए चेहरों के लिए, बाल दिवस कोई उत्सव नहीं, बल्कि मदद की गुहार है। इस आह्वान का जवाब देने वाला समूह रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के खाकी वर्दीधारी पुरुष और महिलाएँ हैं।

आरपीएफः जहाँ कर्तव्य और करुणा का मिलन होता है

हालांकि आरपीएफ रेलवे सुरक्षा में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है, लेकिन बहुत से लोग बाल संरक्षण में इसके महत्वपूर्ण योगदान से अनजान हैं। रेलवे स्टेशन, जो अक्सर भीड़भाड़ और अराजक होते हैं, बच्चों के लिए खतरे के क्षेत्र बन सकते हैं, जहाँ वे अपने परिवारों से बिछड़ सकते हैं, तस्करों का शिकार हो सकते

हैं, या संकट में किसी की नज़रों से ओझल हो सकते हैं। यहीं, इन्हीं जगहों पर, आरपीएफ के जवान जीवन रेखा बन जाते हैं, न केवल कानून प्रवर्तनकर्ता के रूप में, बल्कि अभिभावक, मार्गदर्शक और देखभाल करने वाले के रूप में भी।

आरपीएफः संपत्ति रक्षक से बाल बचावकर्ता तकः

1957 में स्थापित आरपीएफ को मूल रूप से रेलवे संपत्ति की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया था और बाद में इसे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, यह और भी ज्यादा शक्तिशाली बन गया है, भारत की विशाल रेलवे प्रणाली से गुज़रने वाले हज़ारों संकटग्रस्त बच्चों के लिए एक जीवनरेखा।

रेलवे ही क्यों? क्योंकि तस्कर, बाल श्रम एजेंट और अपहरणकर्ता रेलगाड़ियों को ज़्यादा पसंद करते हैं। ये रेलगाड़ियाँ भारी भीड़ के बीच गुमनामी का कारण बनती हैं। ये राज्य की सीमाओं को तेज़ी से पार कर जाती हैं, जिससे अधिकार क्षेत्र जटिल हो जाता है। ये दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और शोषण के बड़े शहरी ठिकानों तक पहुँच प्रदान करती हैं। 67,000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी पटरियों, 12,000 से ज्यादा ट्रेनों और 7,000 स्टेशनों वाला भारतीय रेलवे सार्वजनिक परिवहन का एक चमत्कार है और दुर्भाग्य से, बच्चों के लिए असुरक्षित गलियारा भी है। यहीं पर आरपीएफ, बाल तस्करी, बाल श्रम और रेल पर शोषण के खिलाफ भारत की पहली रक्षा पंक्ति के रूप में सामने आता है।

ऑपरेशन नन्हे फरिश्तेः खाकी में उम्मीद

आरपीएफ की राष्ट्रव्यापी पहल, ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, बाल-केंद्रित पुलिसिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। 2017 में, भारतीय रेलवे ने आरपीएफ के तहत ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते नामक एक परिवर्तनकारी पहल शुरू की - जिसका शाब्दिक अर्थ है ₹नन्हे फरिश्ते₹। इसका उद्देश्य रेलवे परिसरों में संकटग्रस्त बच्चों को बचाना, उनका पुनर्वास और सुरक्षा प्रदान करना है।

अपनी शुरुआत से ही, ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते ने 1.6 लाख से ज़्यादा बच्चों को बचाया है, जिनमें हज़ारों बच्चे श्रम, विवाह या दुर्व्यवहार के लिए तस्करी किए गए थे। अनगिनत संभावित बाल तस्करी और बाल श्रम के मामलों को रोका है। पुनर्वास के लिए चाइल्डलाइन (1098), जिला बाल संरक्षण इकाइयों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी की है।

प्रमुख स्टेशनों पर बाल सहायता डेस्क बनाए गए बाल सहायता डेस्कः बड़े दिल वाले छोटे बूथ

प्रमुख स्टेशनों पर, बाल सहायता डेस्क कमजोर बच्चों के लिए आश्रय स्थल बन गए हैं। आरपीएफ, पुलिस, 1098 और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित, यह सेवा तत्काल आश्रय, भोजन और चिकित्सा देखभाल, बाल संरक्षण प्रणालियों में पंजीकरण, बाल कल्याण समितियों से जुड़ाव और कानूनी सहायता तथा गुमशुदा बच्चों की शिकायतों पर नज़र रखने जैसी सुविधाएँ प्रदान करती है। यहाँ बचाए गए बच्चों को सिर्फ ₹सौंपा₹ नहीं दिया जाता। उनकी देखभाल की जाती है, उन्हें दिलासा दिया जाता है और उनकी बात सुनी जाती है। इस संदर्भ में, हजारों आरपीएफ कर्मियों को बाल अधिकारों, आघात देखभाल और सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाता है। लेकिन हर संख्या के पीछे एक कहानी, एक जीवन, एक नाम वाला बच्चा और एक विवेकशील कांस्टेबल छिपा होता है।

खतरे में बच्चेः भारतीय रेलवे क्यों है ग्राउंड जीरो

भारत में 472 मिलियन से ज़्यादा बच्चे रहते हैं और उनमें से बड़ी संख्या आर्थिक और सामाजिक रूप से कमज़ोर परिवारों से आती है। इस माहौल में, बच्चे कारखानों, भोजनालयों, निर्माण स्थलों और घरों में बंधुआ मज़दूरी के लिए तस्करी का शिकार हो जाते हैं। वेश्यावृत्ति में बेचे जाने सहित यौन शोषण। संगठित गिरोहों के तहत जबरन भीख मंगवाना। कम उम्र में और अवैध विवाह, खासकर लड़कियों का। गरीबी, नशे की लत या पारिवारिक कलह के कारण उपेक्षा और परित्याग।

विशाल रेलवे नेटवर्क इन अवैध लेन-देन का मार्ग बन जाता है और आरपीएफ इन पर रोक लगाने की आखिरी उम्मीद बन जाती है। अग्रिम मोर्चे पर, आरपीएफ की वास्तविक वीरता इस प्रकार हैः-

बैंगलोर, 2022:

यशवंतपुर प्लेटफ़ॉर्म पर एक नियमित गश्त के दौरान 10-14 साल के 8 लड़कों को बचाया गया, जिन्हें एक कपड़ा कारखाने में नौकरी देने का वादा किया गया था। सच तो यह है कि उन्हें बंधुआ मजदूरी के लिए ही बनाया गया था। उनकी आज़ादी छीने जाने से पहले ही उन्हें वापस कर दिया गया।

कानपुर, 2023:

संदिग्ध व्यवहार को पहचानने के लिए प्रशिक्षित आरपीएफ कर्मियों ने एक 13 साल की लड़की को एक ऐसे व्यक्ति के साथ देखा, जो उसका चाचा होने का दावा कर रहा था। एक गहन पूछताछ से पता चला कि उसे जबरन शादी के लिए तस्करी करके ले जाया जा रहा था। उसे बचा लिया गया, तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया और अब वह सरकारी देखरेख में स्कूल में है।

चेन्नई सेंट्रल, 2024:

एक रोता हुआ 2 साल का बच्चा वेंडिंग स्टॉल के पास लावारिस हालत में मिला। आरपीएफ की एक युवा महिला अधिकारी, कांस्टेबल प्रवीणा ने बच्चे को घंटों गोद में रखा, उसे दूध पिलाया और सीसीटीवी फुटेज के ज़रिए उसके परिवार का पता लगाने में मदद की। अब लड़के की माँ उसे प्यार से ₹अम्मा₹ कहती हैं। ये कोई फिल्मी कहानियाँ नहीं हैं। ये रोज़मर्रा के चमत्कार हैं, जो असाधारण काम करने वाले आम लोगों द्वारा किए जाते हैं।

महिला आरपीएफ कर्मीः वर्दीधारी देवदूत

शायद आरपीएफ द्वारा बाल संरक्षण में सबसे प्रभावशाली बदलाव महिला कांस्टेबलों और अधिकारियों की बढ़ती संख्या के माध्यम से आया है। उनकी उपस्थिति और सहानुभूति से, बच्चे सुरक्षित महसूस करते हैं और खुलकर बात करने में सहज होते हैं। युवा लड़कियों, खासकर दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियों को पोषण संबंधी देखभाल मिलती है। आरपीएफ पीड़ितों के प्रति एक अधिक संतुलित, मानवीय चेहरा प्रस्तुत करती है। ये महिलाएँ न केवल रक्षक हैं, बल्कि बहनें, माँ और सलाहकार भी हैं।

चाहे वह भीड़ भरे प्लेटफ़ॉर्म पर किसी खोए हुए बच्चे को शांत करने वाला कांस्टेबल हो या किसी संदिग्ध तस्कर का पीछा करने वाला इंस्पेक्टर, वीरता के इन दैनिक कार्यों ने अनगिनत युवाओं के जीवन में आशा और सुरक्षा/संरक्षा का संचार किया है। ये कहानियाँ शायद ही कभी प्राइमटाइम समाचारों में आती हैं, लेकिन ये वर्दीधारी मानवीय भावना के प्रमाण हैं।

बाल श्रमः एक खुला संकट

आज भी, हज़ारों बच्चे अवैध रूप से काम पर लगे हैं, जिनमें से कुछ तो 8 साल के भी नहीं हैं। वे दुकानों में झाड़ू लगाते हैं, दुकानों में कपड़े सिलते हैं, ट्रेनों/होटलों में बर्तन धोते हैं, और दूर-दराज के इलाकों में ईंटें तोड़ते हैं। अक्सर उन्हें ट्रेनों से ले जाया जाता है, और ₹मज़दूरी₹ का मतलब समझने से पहले ही उनकी किस्मत तय हो जाती है। श्रम प्रवर्तन अधिकारियों और पुलिस के साथ साझेदारी में, आरपीएफ ने इनमें से हज़ारों बच्चों को बचाया है और शोषकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की है।

बचाव से परेः पुनर्वास और आशा

एक बच्चे को बचाना केवल पहला कदम है। आरपीएफ तस्करों पर मुकदमा चलाने के लिए उचित दस्तावेज और एफआईआर भी सुनिश्चित करता है, आघात से उबरने के लिए चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता, परिवार का पता लगाना और जहाँ संभव हो, सुरक्षित वापसी, और सरकारी योजनाओं और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से दीर्घकालिक पुनर्वास भी सुनिश्चित करता है। कई मामलों में, आरपीएफ कर्मी बचाए गए बच्चों के साथ संपर्क बनाए रखते हैं और उन्हें पीड़ित से आत्मविश्वासी युवा बनते हुए देखते हैं।

बाल तस्करी के खिलाफ मौन युद्ध

भारत में, बाल तस्करी एक छाया संकट है, जिस पर अक्सर जनता का ध्यान नहीं जाता। तस्कर ग्रामीण या गरीब परिवारों के बच्चों को निशाना बनाते हैं और भीड़-भाड़ वाले डिब्बों की गुमनामी का फायदा उठाकर उन्हें ट्रेन से ले जाते हैं। लेकिन बढ़ी हुई सतर्कता, खुफिया नेटवर्क और तकनीकी सहायता के साथ, आरपीएफ रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में उभरी है। तस्करी के हॉटस्पॉट के रूप में पहचाने गए स्टेशनों पर नियमित रूप से विशेष तस्करी विरोधी अभियान चलाए जाते हैं। तस्कर अक्सर चुपचाप काम करते हैं, अपने शिकार को परिवार या नौकरी की आड़ में छिपाते हैं। आरपीएफ झूठ और डर की रेखाओं के बीच पढ़ने में माहिर हो गई है।

आरपीएफ की तस्करी विरोधी कार्रवाइयों में शामिल हैं, चिन्हित रेलवे स्टेशनों पर मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (एएचटीयू) का कामकाज, संदिग्ध ट्रेनों में सादे कपड़ों में अधिकारियों की तैनाती, उच्च जोखिम वाले मार्गों और सीमावर्ती राज्यों की निगरानी, पैटर्न की पहचान के लिए सीसीटीवी, चेहरे की पहचान और यात्री विश्लेषण का उपयोग करना। कई बच्चे कारखानों, वेश्यालयों या आपराधिक नेटवकों में हमेशा के लिए खो जाने से बस कुछ ही घंटों की दूरी पर थे।

रक्षकों को सशक्त बनानाः

उनकी भूमिका के महत्व को समझते हुए, रेल मंत्रालय ने आरपीएफ कर्मियों के लिए विशेष बाल संरक्षण प्रशिक्षण में निवेश किया है। विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अधिक महिला कांस्टेबलों की भर्ती, सीसीटीवी, साइनेज और जागरूकता अभियानों के साथ स्टेशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, जिला बाल कल्याण अधिकारियों और किशोर न्याय बोर्डों के साथ बेहतर समन्वय। उद्देश्य स्पष्ट है कि भारतीय रेलवे को केवल एक परिवहन नेटवर्क ही नहीं, बल्कि हर बच्चे के लिए एक सुरक्षित गलियारा बनाया जाए।

बाल दिवस का संदेश, हम सभी को सुनना चाहिए

गीतों, गुब्बारों और भाषणों के साथ बाल दिवस मनाना आसान है। लेकिन बच्चों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि उनकी सुरक्षा, सम्मान और भविष्य सुनिश्चित करना है। आइए, इस बाल दिवस परः-

हमारे रेलवे प्लेटफॉर्म पर संकट में फंसे उन अनदेखे बच्चों को याद करें। उन आरपीएफ योद्धाओं को सलाम करें जो सिर्फ संपत्ति ही नहीं, बल्कि जान भी बचा रहे हैं। आइए, बाल अधिकारों और संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और समर्थन का संकल्प लें और नागरिकों को आरपीएफ हेल्पलाइन 139 या चाइल्डलाइन 1098 पर कॉल करके संदिग्ध मामलों की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित करें।

किसी राष्ट्र की असली ताकत इस बात से झलकती है कि वह अपने सबसे कमजोर लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है। आरपीएफ सिर्फ एक सुरक्षा बल नहीं है, बल्कि वर्दीधारी भारत की अंतरात्मा का प्रतीक है। रेलवे प्लेटफ़ॉर्म की सुरक्षा करके, वे बचपन की रक्षा कर रहे हैं। अपने अथक बचाव प्रयासों, तस्करी विरोधी अभियानों और सहानुभूतिपूर्ण प्रयासों के माध्यम से, आरपीएफ यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा अदृश्य न रहे और उसकी कोई भी पुकार अनसुनी न रहे।

आरपीएफ सिर्फ सुरक्षाकर्मी के रूप में ही नहीं, बल्कि रक्षक के रूप में भी आगे आता है।

आइए हम उनके काम को पहचानें, उनका समर्थन करें और उनका सम्मान करें सिर्फ बाल दिवस पर ही नहीं, बल्कि हर दिन।

जय हिंद

## शख्सियत | जवाहरलाल नेहरू

### भारत के पहले प्रधानमंत्री



जवाहरलाल नेहरू (14 नवंबर 1889 - 27 मई 1964) स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। वे एक भारतीय उपनिवेशवाद-विरोधी राष्ट्रवादी, धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी, सामाजिक लोकतंत्रवादी, प्रशंसित लेखक, इतिहासकार, वकील और राजनेता थे, जो 20वीं सदी के मध्य में भारत में एक केंद्रीय व्यक्ति थे।

जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को ब्रिटिश भारत के इलाहाबाद में माता स्वरूप रानी नी थुस्सू और पिता मोतीलाल नेहरू के घर हुआ था। दोनों माता-पिता कश्मीरी पंडितों, या मूल रूप से कश्मीर घाटी के ब्राह्मणों के समुदाय से थे। धन के स्व-निर्मित बैरिस्टर मोतीलाल ने 1919 और 1928 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। स्वरूप रानी लाहौर में बसे एक परिवार में पली-बढ़ीं, मोतीलाल की दूसरी पत्नी थीं, पहली की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई थी। जवाहरलाल पहले जन्मे थे। दो बहनें हुईं, जिनमें से बड़ी, विजया लक्ष्मी, संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष बनीं।

नेहरू अपनी युवावस्था में ही एक प्रबल राष्ट्रवादी बन गए थे। द्वितीय बोअर युद्ध और रूस-जापान युद्ध ने उनकी भावनाओं को और तीव्र कर दिया। युद्ध के बारे में उन्होंने लिखा, ₹जापानी विजयों ने मेरे उत्साह को जगा दिया था... राष्ट्रवादी विचारों ने मेरे मन को भर दिया... मैंने भारतीय स्वतंत्रता और यूरोप की दासता से एशियाई स्वतंत्रता के बारे में सोचा। बाद में, 1905 में, जब उन्होंने इंग्लैंड के एक प्रमुख स्कूल हैरो में अपनी संस्थागत स्कूली शिक्षा शुरू की, जहाँ उन्हें ₹जोर₹ उपनाम दिया गया था, जीएम ट्रेवेलियन की गैरीबाल्डी पुस्तकों ने, जो उन्हें शैक्षणिक योग्यता के लिए पुरस्कार के रूप में मिली थीं, उन्हें बहुत प्रभावित किया। वे गैरीबाल्डी को एक क्रांतिकारी नायक मानते थे। उन्होंने लिखाः भारत में इसी तरह के कार्यों के दर्शन, भारतीय स्वतंत्रता के लिए मेरे वीरतापूर्ण संघर्ष के दर्शन पहले भी हुए थे और मेरे मन में, भारत और इटली अजीब तरह से एक साथ घुल-मिल गए थे। नेहरू के पिता मोतीलाल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक महत्वपूर्ण उदारवादी नेता थे। उदारवादियों का मानना था कि ब्रिटिश शासन आधुनिकीकरण कर रहा है और वे ब्रिटिश अधिकारियों के सहयोग से सुधार और सरकार में अधिक भागीदारी चाहते थे। हालांकि, नेहरू कांग्रेस के कट्टरपंथियों के प्रति सहानुभूति रखते थे, जिन्होंने स्वराज, स्वदेश और बहिष्कार को बढ़ावा दिया था। दोनों गुट 1907 में अलग हो गए थे। 1912 में भारत लौटने के बाद नेहरू ने पटना में कांग्रेस के वार्षिक सत्र में भाग लिया। तब कांग्रेस को गोपाल कृष्ण गोखले के प्रभुत्व वाले उदारवादियों और अभिजात वर्ग की पार्टी माना जाता था, और नेहरू इस बात से परेशान थे कि उन्होंने इसे बहुत अधिक अंग्रेजी जानने वाले उच्च वर्ग का मामला के रूप में देखा। हालांकि, नेहरू दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारतीय नागरिक अधिकार आंदोलन के लिए धन जुटाने के लिए सहमत हुए।

1962 में नेहरू का स्वास्थ्य लगातार गिरने लगा। 1962 के वसंत में, वे एक वायरल संक्रमण से प्रभावित हुए, जिसके कारण उन्होंने अप्रैल का अधिकांश समय बिस्तर पर बिताया। अगले वर्ष, 1963 तक, उन्होंने कश्मीर में स्वास्थ्य लाभ के लिए कई महीने बिताए। कुछ लेखक इस नाटकीय गिरावट का कारण चीन-भारतीय युद्ध पर उनके आश्चर्य और निराशा को मानते हैं, जिसे उन्होंने विश्वासघात के रूप में देखा था। 26 मई 1964 को देहरादून से लौटने पर, वे काफी सहज महसूस कर रहे थे और हमेशा की तरह लगभग 23:30 बजे बिस्तर पर चले गए। लगभग 06:30 बजे तक उनकी रात आरामदायक रही। बाथरूम से लौटने के तुरंत बाद, नेहरू ने पीठ में दर्द की शिकायत की। उन्होंने उन डॉक्टरों से बात की, और 27 मई 1964 को स्थानीय लोकसभा में उनकी मृत्यु की घोषणा की गई; मृत्यु का कारण हृदयाघात माना गया। भारतीय राष्ट्रीय तिरंगे में लिपटा जवाहरलाल नेहरू का पार्थिव शरीर जनता के दर्शनार्थ रखा गया। पार्थिव शरीर को मंच पर रखते ही रघुपति राघव राजाराम का जाप किया गया। 28 मई को, यमुना तट पर शांतिवन में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार नेहरू का अंतिम संस्कार किया गया, जिसके साक्षी दिल्ली की सड़कों और श्मशान घाटों पर उमड़े 15 लाख शोक संतप्त लोग थे।

## जीवन ऊर्जा

वैनेसा बायर : जन्म- 14 नवंबर 1981 | जन्म

वैनेसा बेयर (जन्म 14 नवंबर, 1981) एक अमेरिकी अभिनेत्री और हास्य कलाकार हैं। वह 2010 से 2017 तक एनबीसी स्केच कॉमेडी सीरीज़ सैटरडे नाइट लाइव में एक कलाकार थीं, जिसके लिए उन्हें एमी के लिए नामांकित किया गया था। उन्होंने शोटाइम कॉमेडी आई लव दैट फॉर यू का सह-निर्माण, सह-कार्यकारी निर्माण और अभिनय किया, जो उनके बचपन के ल्यूकेमिया से बचे रहने के अनुभव पर आधारित है। वह ट्रेनव्रेक (2015), ऑफिस क्रिसमस पार्टी (2016), कैरी पिल्बी (2016), इबीसा (2018) और वांडर डार्कली (2020) जैसी फिल्मों में दिखाई दी हैं।

### हँसी लोगों से जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका है

जब कोई व्यक्ति हँसता है, तो वह न केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है, बल्कि अपने आसपास के लोगों के साथ एक अदृश्य सेतु भी बना लेता है। हँसी में वह जादू है जो भाषा, संस्कृति या उम्र की सीमाओं को पार कर जाती है। जब दो लोग साथ में हँसते हैं, तो उनके बीच की झिझक, दूरी और गलतफहमियाँ अपने आप मिटने लगती हैं। यही कारण है कि हँसी को "दिलों का पुल" कहा जाता है — यह हमें भीतर से एक कर देती है। हँसी के माध्यम से हम अपने भीतर की सकारात्मक ऊर्जा को बाहर लाते हैं। जब हम मुस्कुराते या हँसते हैं, तो हमारे शरीर में एंडॉर्फिन नामक "हैप्पी हार्मोन" का स्राव होता है, जो तनाव, चिंता और



उदासी को कम करता है। यह केवल हमारे मूड को अच्छा नहीं बनाता, बल्कि सामने वाले व्यक्ति को भी सहज महसूस कराता है। कई बार किसी मुश्किल स्थिति में, एक हल्की सी मुस्कान या समय पर किया गया हास्यपूर्ण वाक्य वातावरण को बदल देता है और लोगों को एक-दूसरे के करीब ले आता है।

हँसी की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह सच्चाई और अपनापन प्रकट करती है। जब हम किसी के साथ हँसते हैं, तो हम उनके सामने अपने असली रूप में होते हैं — बिना दिखावे के, बिना किसी मुखौटे के। यह सच्चाई लोगों के दिलों को छू जाती है। एक शिक्षक की मुस्कान अपने छात्रों में विश्वास जगाती है, एक डॉक्टर की हँसी मरीज में हिम्मत पैदा करती है, और एक दोस्त की हँसी जीवन के सबसे कठिन पलों में संबल देती है। हँसी का यह प्रभाव शब्दों से कहीं अधिक गहरा होता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## कर्म यात्राः संकल्प से सफलता तक

मनुष्य का जीवन कर्मों की बुनियाद पर टिका होता है। उसके कर्म ही उसके भाग्य, चरित्र और सफलता का निर्धारण करते हैं। हर व्यक्ति जीवन में निरंतर कर्म करता है, परंतु उन कर्मों की भावना ही उसके जीवन की दिशा तय करती है। कर्म दो प्रकार के होते हैं — सकाम और निष्काम। जहाँ सकाम कर्म फल की इच्छा से प्रेरित होते हैं, वहीं निष्काम कर्म केवल कर्तव्य और सेवा की भावना से किए जाते हैं। निष्काम भाव ही जीवन को सच्ची शांति और संतुलन प्रदान करता है। यही भाव मनुष्य को आंतरिक दृढ़ता और आध्यात्मिक ऊँचाई की ओर ले जाता है, क्योंकि जब व्यक्ति अपने कर्म को ईश्वरार्पण की भावना से करता है, तो उसके भीतर से भय, संदेह और असुरक्षा समाप्त हो जाती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

सकाम कर्म इच्छा और अपेक्षा से प्रेरित होते हैं। ऐसा व्यक्ति प्रयास तो करता है, लेकिन उसकी मेहनत का केंद्र उसका स्वार्थ या व्यक्तिगत लाभ होता है। सफलता मिलने पर वह आनंदित होता है, पर असफलता उसे दुखी कर देती है। उसकी खुशी परिणाम पर निर्भर करती है, जिससे वह निरंतर अस्थिरता और चिंता में जीता है। इस प्रकार के कर्म व्यक्ति को मोह और निराशा के जाल में बाँध देते हैं, जहाँ सुख क्षणिक और असफलता स्थायी पीड़ा बन जाती है। ऐसे लोग अक्सर बाहरी उपलब्धियों को ही जीवन की सफलता समझते हैं, लेकिन भीतर से वे खाली और असंतुष्ट बने रहते हैं। क्योंकि उनकी संतुष्टि बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर करती है, जो क्षणभर में बदल सकती हैं।

इसके विपरीत, निष्काम कर्म व्यक्ति को आत्मिक स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। ऐसा व्यक्ति अपने कर्म को उपासना के समान मानता है — जहाँ उद्देश्य



केवल कर्तव्य का पालन होता है, परिणाम की चिंता नहीं। उसे यह विश्वास रहता है कि फल का निर्णय ईश्वर या प्रकृति के हाथ में है। इस दृष्टिकोण से व्यक्ति सफलता और असफलता दोनों में शांत, धैर्यवान और विनम्र बना रहता है। यही संतुलन उसे सच्चा कर्मयोगी बनाता है। ऐसा कर्मयोगी अपने भीतर स्थित शांति के स्रोत को पहचान लेता है और वही शांति उसके व्यक्तित्व में झलकती है। उसका हर कार्य दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाता है। वह जानता है कि कर्म ही पूजा है, और कर्म ही मोक्ष का मार्ग है।

निष्काम कर्म से मनुष्य के भीतर न केवल आत्मबल और धैर्य बढ़ता है, बल्कि उसमें सेवा और समर्पण की भावना भी जागृत होती है। वह अपने कार्यों को केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय कल्याण से जोड़ता है। *भगवद्गीता* का यह अमर संदेश — "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" — इसी निष्काम कर्म की सार्थकता को दर्शाता है। जब व्यक्ति इस भाव से कर्म करता है, तो उसका हर कार्य ईश्वरीय योजना का हिस्सा बन जाता है। वह किसी उपलब्धि या प्रशंसा की प्रतीक्षा नहीं करता, बल्कि कर्म को ही अपना पुरस्कार मान लेता है। यही दृष्टिकोण मनुष्य को भीतर से मुक्त और बाहर से कर्मशील बनाता है।

## अपने विचार



लैंगिक न्याय प्राप्त करना सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए पुरुषों द्वारा, विशेष रूप से हमारे संस्थानों, कार्यस्थलों और राजनीतिक व्यवस्थाओं में सत्ता के पदों पर आसीन पुरुषों द्वारा, सत्ता की सक्रिय पुनर्कल्पना की जरूरत है।

-बी.आर.गवई, CJI, भारत



पीडीए प्रहरी बनकर हर वोट की रक्षा करें। किसी का वोट बने बनने से ना छूटने पाए। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग इस बार भाजपा का आयोग बनकर नहीं रहेगा। बरेली के लिए समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव में अपना अलग मेनिफेस्टो खुद तैयार करेगी।

-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, सपा



भारत को दो तरह के आतंकियों का सामना करना पड़ रहा है. एक जो विदेश से ट्रेन होकर आते हैं और दूसरे जो देश के भीतर ही पनप रहे हैं।

-पी.चिदंबरम, नेता, कांग्रेस



एग्जिट पोल को मैं नहीं मानता हूं, 14 तारीख को क्या होगा और क्या नहीं होगा, अभी नहीं बता सकते हैं। एग्जिट पोल कभी (सीट) घटा भी देता है, कभी बढ़ा देता है। मेरी महुआ सीट तो निकल रही है। हम जश्न नहीं हम काम की तैयारी करते हैं।

-तेज प्रताप यादव, जेजेडी प्रमुख

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### नेशनल एनर्जी कॉन्फ्रेंस में महावितरण को मिले पाँच राष्ट्रीय अवॉर्ड

मुंबई। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 19वें नेशनल एनर्जी कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (महावितरण) को शानदार प्रदर्शन के लिए पाँच राष्ट्रीय अवॉर्ड मिले। ग्रीन एनर्जी और एफिशिएंसी के साथ कस्टमर सर्विस इफेक्टिवनेस में इसे देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ। दिल्ली में आयोजित इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में महावितरण को ग्रीन एनर्जी और इनोवेशन विद इम्पैक्ट–लार्ज DISCOM कैटेगरी में पहला, जबकि क्वालिटी ऑफ सर्विसेज, कस्टमर एम्पावरमेंट और टेक्नोलॉजी अपनाने में तीसरा स्थान मिला। कंपनी की ओर से श्रीमती किरण नागाओकर, श्रीमती सलोनी वाकोडे और नीलम गंगुर्डे ने अवॉर्ड स्वीकार किए। एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (एनर्जी) आभा शुक्ला के रिसोर्स एडिक्वेसी प्लान और चेयरमैन-मैनेजिंग डायरेक्टर लोकेश चंद्रा की लीडरशिप में राज्य ने ग्रीन एनर्जी में बड़ा कदम उठाया है। 2030 तक महाराष्ट्र का ग्रीन एनर्जी कंजम्पशन 13% से बढ़कर 52% होने की उम्मीद है, जिससे 66 हजार करोड़ रुपये की बचत होगी। महावितरण ने 3204 MW के रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट, 2773 MW के कृषि सोलर प्रोजेक्ट और देश के सबसे ज़्यादा 6.47 लाख सोलर पंप लगाकर 21 लाख एकड़ भूमि को सिंचाई दायरे में लाया है। AI आधारित बिजली मांग विश्लेषण और कस्टमर सर्विस सुधार जैसे नवाचारों से महावितरण ने ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अग्रणी पहचान मजबूत की है।

### मेडिकल ऑफिसर डॉ. संदीप गाडेकर को मिला सम्मान



भिवंडी। भिवंडी के चिकित्सा प्रशासन में पारदर्शिता और बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ (MOH) डॉ. संदीप गाडेकर को दो प्रमुख डॉक्टर संघों—नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (NIMA) भिवंडी तालुका शाखा और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) भिवंडी शाखा—ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। दोनों संगठनों ने अपने पत्रों में लिखा कि डॉ. गाडेकर के सक्रिय सहयोग से अस्पतालों और क्लीनिकों के पंजीकरण व नवीनीकरण की प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न हुई। एनआईएमए भिवंडी शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजेश दहापुते, सचिव डॉ. रमेश अडेप और कोषाध्यक्ष डॉ. दत्तु वेणुगंती द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि डॉ. गाडेकर ने प्रशासनिक मामलों में तत्परता और स्पष्टता के साथ कार्य किया, जिससे डॉक्टर समुदाय को बड़ा सहयोग मिला। वहीं, आईएमए भिवंडी शाखा के सचिव डॉ. मोहद्दिस मोमिन और उपाध्यक्ष डॉ. फैजुद्दीन अंसारी ने अपने पत्र में लिखा कि उनके मार्गदर्शन से अस्पताल पंजीकरण संबंधी कार्य समय पर पूरे हुए। दोनों संगठनों ने उनके व्यावसायिक समर्पण और सहयोगी रवैये की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पहल से भिवंडी के चिकित्सा क्षेत्र में कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव आया है।

### गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी समागम का आयोजन

नवी मुंबई। हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी समागम वर्ष के उपलक्ष्य में 21 दिसंबर 2025 को खारघर में एक भव्य और दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अधिकारियों को समन्वय और समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान रायगड के जिलाधिकारी किशन जावळे ने किया। वे यह बात पनवेल स्थित आद्य क्रांतीवीर वासुदेव बळवंत फडके नाट्यगृह में आयोजित पूर्वतैयारी बैठक के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता कक्ष के प्रमुख रामेश्वर नाईक, पुलिस उपायुक्त प्रशांत मोहिते, नवी मुंबई ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त तिरुपती काकडे, पुलिस विशेष शाखा उपायुक्त रश्मी नांदेडकर, पनवेल महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त महेशकुमार मेघमाळे, पनवेल प्रांताधिकारी पवन चांडक, धर्मजागरण विभाग के महेंद्र रायचुरा, अल्पसंख्यक आयोग समिति सदस्य हैप्पी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, गुरुद्वारा प्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे।

# मध्य रेलवे ने बिना टिकट यात्रा पर कसी लगाम

### 7 महीनों में 141 करोड़ रुपए वसूले

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में मध्य रेलवे ने बिना टिकट और अनाधिकृत यात्रा पर कड़ी कार्रवाई तेज़ कर दी है। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से अक्टूबर 2025) के दौरान रेलवे की सघन टिकट जाँच मुहिम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

### जुर्माने से 141 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड वसूली



रेलवे ने इन यात्रियों से कुल 141.27 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला, जो पिछले वित्त वर्ष (124.36 करोड़ रुपए) से 14% अधिक है। सिर्फ अक्टूबर 2025 में ही 3.71 लाख यात्रियों को पकड़ा गया और 24.81 करोड़ रुपए वसूले गए — जो अक्टूबर 2024 की तुलना में लगभग 95% की वृद्धि है।

### बिना टिकट यात्रियों की संख्या में 8% की वृद्धि

इस अवधि में मध्य रेलवे की जाँच टीमों ने बिना टिकट, अनुचित या अमान्य यात्रा प्राधिकरण के साथ यात्रा कर रहे 23.76 लाख यात्रियों को पकड़ा, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 22.09 लाख थी — यानी लगभग 8% की वृद्धि दर्ज की गई।

### मंडलवार आंकड़े और रणनीति

भुसावल मंडल में 6.07 लाख मामलों से 51.74 करोड़ रुपए, मुंबई मंडल में 9.63 लाख मामलों से 40.59 करोड़ रुपए, नागपुर में 2.53 लाख से 15.62 करोड़ रुपए, पुणे में 2.67 लाख से 15.57 करोड़ रुपए, सोलापुर में 1.41 लाख से 6.72 करोड़ रुपए और मुख्यालय में 1.45 लाख मामलों से 11.03 करोड़ रुपए वसूले गए। अनाधिकृत यात्रा रोकने के लिए मध्य रेलवे ने स्टेशन, घात और मेगा टिकट जाँच जैसे विशेष अभियानों की रणनीति अपनाई है।

### एसी लोकल में विशेष टिकट जाँच टीम

मुंबई मंडल पर एसी उपनगरीय ट्रेनों में अनियमित यात्रा रोकने के लिए एक समर्पित टिकट जाँच दल तैनात किया गया है। यह दल प्रतिदिन औसतन 368 मामलों में कार्रवाई कर 1.19 लाख रुपए का जुर्माना वसूलता है। यात्रियों की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए 24/7 व्हाट्सएप हेल्पलाइन (7208819987) भी उपलब्ध कराई गई है।

# 'एआई' से पत्रकारिता होगी अधिक संपन्न : मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक पत्रकारिता को अधिक आधुनिक, सटीक और प्रभावशाली बना रही है। इससे पत्रकारों का अमूल्य समय बचेगा और मीडिया क्षेत्र में नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में कौशल-वृद्धि की आवश्यकता को देखते हुए राज्य सरकार ने यह विशेष उपक्रम शुरू किया है।

### मंत्रालय में शुरू हुआ 4 दिवसीय 'एआई' प्रशिक्षण वर्ग

रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय और मंत्रालय व विधानमंडल वार्ताहर संघ के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय में 'एआई' विषय पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन मंत्री लोढ़ा ने पत्रकारों से संवाद किया और उन्हें आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि नई तकनीक के आने पर मानव संसाधन पर चर्चा होती है, लेकिन एआई जैसी तकनीक रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। यह प्रशिक्षण पत्रकारों को उनके दैनिक कार्य में अधिक दक्ष, संवेदनशील और तकनीक–सक्षम बनाएगा। इस अवसर पर रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. अपूर्वा पालकर, एआई विशेषज्ञ किशोर जस्नानी, उपकुलसचिव राजेंद्र तलवारे और बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# म्हाडा लॉटरी में घरों की कीमतें कम करने की मांग

दीपक पवार | मुंबई

पिछले महीने म्हाडा के कोंकण बोर्ड द्वारा 5,362 घरों के लिए निकाली गई लॉटरी में विजेताओं ने चितलसर-मनपाड़ा योजना में घरों की कीमतों को लेकर असंतोष जताया है। उनका आरोप है कि यहां के घरों की कीमतें निजी बिल्डरों की परियोजनाओं की तुलना में अधिक हैं। विजेताओं ने म्हाडा के उपाध्यक्ष और सीईओ से कीमतों में कमी की मांग की है।

### घरों की कीमतों में अंतर




विजेताओं का कहना है कि चितलसर–मनपाड़ा योजना में लगभग 938 घरों की कीमतें बाजार मूल्य से अधिक हैं। महावीर स्क्वायर में 470 वर्ग फुट के घर की कीमत 16,504 रुपये प्रति वर्ग फुट है, जिसमें 1 कार पार्किंग और क्लब हाउस शामिल है। इसी तरह, यूनिक विस्टा में 440 वर्ग फुट का घर 17,370 रुपये प्रति वर्ग फुट में बेचा जा रहा है। विजेताओं ने यह भी बताया कि म्हाडा के ये घर किसी निजी बिल्डर के समान या छोटे घरों की कीमत से भी महंगे हैं। इसका असर विशेष रूप से उन लोगों पर पड़ रहा है जिन्होंने इस लॉटरी में भाग लिया और सरकारी योजना के तहत सस्ते घर पाने की उम्मीद रखी थी। इस विवाद के मद्देनजर, विजेता आवेदकों ने उपमुख्यमंत्री और आवास मंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर घरों की कीमतों में कमी की मांग की। साथ ही, उन्होंने म्हाडा के उपाध्यक्ष और सीईओ संजीव जायसवाल से भी सीधे संपर्क कर कीमतों में संशोधन करने का अनुरोध किया है।

# नवी मुंबई महानगरपालिका चुनाव की तैयारियां शुरू

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक चुनाव 2025 के लिए प्रभाग रचना और आरक्षण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रूप से पूरी की गई है। अब राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रारूप प्रभागवार मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्यक्रम जारी है। इस संदर्भ में महापालिका आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे ने समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में चुनाव विभाग के उपआयुक्त भागवत डोईफोडे, उपआयुक्त संजय शिंदे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विधानसभा मतदाता सूची के आधार पर तैयार होगी सूची



स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनावों के लिए अलग मतदाता सूची तैयार नहीं की जाती, बल्कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई विधानसभा मतदाता सूची का उपयोग किया जाता है। इसके लिए 1 जुलाई 2025 तक अस्तित्व में रहने वाली विधानसभा मतदाता सूची को प्रभागवार विभाजित किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार यह प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी और नागरिकों को आपत्तियाँ या सुझाव दर्ज करने का अवसर दिया जाएगा।

### केवल त्रुटि सुधार की अनुमति

इस प्रारूप मतदाता सूची में नए नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। इसमें केवल लेखन त्रुटियाँ, गलत प्रभाग में दर्ज मतदाता, विधानसभा सूची में मौजूद लेकिन महानगरपालिका सूची से वंचित नाम, और मृत व्यक्तियों के नामों से संबंधित सुधार किए जा सकेंगे। इन संशोधनों के लिए निर्धारित समयावधि में प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

### मतदान केंद्र निर्धारण पर भी हुई चर्चा

बैठक में डॉ. शिंदे ने मतदान केंद्र निर्धारण के संबंध में भी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक मतदान केंद्र पर औसतन 800 से 900 मतदाता हों, ताकि मतदाताओं को अधिक दूर न जाना पड़े। साथ ही मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

# महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रशिक्षण सत्र संपन्न

### महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका में दिनदयाल जन आजीविका योजना (शहरी) के अंतर्गत जिला महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत यह विशेष प्रशिक्षण सत्र स्व. विलासराव देशमुख सभागृह में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम पालिका आयुक्त अनमोल सागर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### विशेषज्ञों ने दी योजनाओं और अधिकारों की जानकारी

इस सत्र में ठाणे जिला महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने महिलाओं को विविध योजनाओं, अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी। ठाणे जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र की जेंडर स्पेशलिस्ट दीपिका जीवलगे ने महिलाओं को "यशस्विनी पोर्टल" पर बचत गटों द्वारा निर्मित वस्तुओं को पंजीकृत कर ऑनलाइन बिक्री करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने मनोधैर्य योजना के अंतर्गत बच्चों पर हो रहे अत्याचारों की रोकथाम और उनके संगोपन से जुड़े विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया। वहीं वन स्टॉप सेंटर, कळवा की प्रशासक तेजस्विनी पाटिल ने केंद्र सरकार प्रायोजित योजना के तहत चिकित्सा सहायता, विधिक परामर्श, पुलिस सहायता, नशामुक्ति काउंसलिंग और अत्याचार झेल चुकी महिलाओं के लिए अस्थायी निवास जैसी सेवाओं की जानकारी साझा की।

### बाल संरक्षण और सामाजिक योजनाओं पर जोर

ठाणे जिला बाल अधिकार संरक्षण अधिकारी रामकृष्ण रेड्डी ने सड़कों पर रहने वाले बच्चों पर हो रहे अत्याचार, दत्तक योजना और बाल संगोपन योजना से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चों के पुनर्वास और शिक्षा के लिए दत्तक योजना चला रही है। साथ ही, विधवा और निराधार महिलाओं के लिए संजय गांधी निराधार योजना की जानकारी भी दी। रेड्डी ने अपील की कि बचत गटों के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाई जाए। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग प्रमुख मिलिंद पळसुले, एकता शहर स्तर संघ की अध्यक्ष चंदा बैनर्जी, प्रबंधक एस्तेर रायबोर्ड, तथा समुदाय संघटक धनश्री मेस्त्री और अमोल केदार उपस्थित रहे।



# यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए दो दिवसीय मॉक-इंटरव्यू सत्र का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मनपा द्वारा संचालित चिंतामनराव देशमुख प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान नवंबर और दिसंबर 2025 में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) मुख्य परीक्षा 2025 उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए दो दिवसीय मॉक-इंटरव्यू सत्र आयोजित करने जा रहा है। मनपा प्रशासक एवं आयुक्त सौरभ राव ने छात्रों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। इस सत्र में छात्रों को वास्तविक साक्षात्कार जैसी तैयारी का अनुभव मिलेगा।

### विशेषज्ञों की मौजूदगी से छात्रों को मिलेगा मार्गदर्शन




संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 25 मई 2025 को और मुख्य परीक्षा का आयोजन 22 से 31 अगस्त 2025 के बीच किया गया था। आगामी साक्षात्कार को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा यह मॉक इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सेवारत और सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, आईआरएस अधिकारी, यूपीएससी विशेषज्ञ मार्गदर्शक और वरिष्ठ पत्रकार शामिल रहेंगे। मॉक इंटरव्यू में भाग लेने वाले छात्रों को अपना डीएएफ–2 आवेदन पत्र संस्थान के ईमेल cdinstitute@thanecity.gov.in पर जमा करना होगा। आवेदन के बाद विशेषज्ञ प्रशिक्षक डीएएफ विश्लेषण करेंगे, जिससे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तैयारी में लाभ मिलेगा।

### पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 नवंबर

मॉक इंटरव्यू में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को 28 नवंबर 2025 तक लिंक https://forms.gle/o2KDHWsNZNeqdn6X9 पर पंजीकरण कराना होगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक छात्र संस्थान के फोन नंबर 25881421 पर संपर्क कर सकते हैं। ठाणे मनपा देश की एकमात्र ऐसी नगर निगम है जो इस तरह का प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित करती है। अब तक, इस संस्थान से 91 छात्र यूपीएससी और 400 से अधिक छात्र एमपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**वृष** पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। आशानुरूप स्थिति बनेगी।

**मिथुन** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद न करें। दु:खद समाचार मिल सकता है। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। शत्रु से सतर्क रहें। काम के प्रति लापरवाही न करें, किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**कर्क** फालतू खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कुसंगति से हानि होगी। अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएँ सूझबूझ से निपटाएँ। कार्य में सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा। समय का सदुपयोग होगा।

**कन्या** नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

**तुला** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**वृश्चिक** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं।

**धनु** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति के कारण अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाएँगे।

**मकर** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुंभ** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**मीन** अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी। व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है।

# घर में बरकत लाने वाले पांच अद्भुत उपाय

हर घर में धन का प्रवाह स्थिर रखना एक चुनौती होती है। कभी आमदनी बढ़ जाती है तो खर्च भी उसी अनुपात में बढ़ जाते हैं। कभी मेहनत बहुत होती है, परंतु जेब खाली ही रहती है। ऐसे समय में ज्योतिष और आध्यात्मिक शास्त्रों में बताए गए कुछ छोटे लेकिन अत्यंत प्रभावशाली उपाय जीवन की दिशा बदल सकते हैं। ये उपाय केवल आस्था नहीं, बल्कि ऊर्जा के प्रवाह से जुड़े हैं — जब आप सकारात्मक भावना के साथ इन्हें करते हैं, तो ब्रह्मांड भी आपके पक्ष में काम करने लगता है। महीने की पहली तारीख को माता लक्ष्मी को एक सिक्का चढ़ाना अत्यंत शुभ माना गया है। ऐसा करने से घर में आर्थिक स्थिरता आती है और अनावश्यक खर्चे रुकते हैं। यह सिक्का देवी को अर्पित करने के बाद आटे के डब्बे में रखा जाए, क्योंकि अन्न लक्ष्मी का ही रूप है। आटे के साथ यह सिक्का जब रखा जाता है, तो वह अन्न और धन दोनों का संतुलन बनाए रखता है। जो




प्रियंका जैन
9769994439

घर इस नियम का पालन करता है, वहां धन की कमी धीरे-धीरे समाप्त होने लगती है।

लौंग, जो देखने में साधारण सी मसाला वस्तु है, वास्तव में ग्रहों की ऊर्जाओं को नियंत्रित करने वाली एक शक्तिशाली औषधि है। यह शुक्र और शनि दोनों ग्रहों को प्रभावित करती है। जब आप अपने पर्स में लौंग के सात दाने रखते हैं, तो यह फिजूलखर्ची पर नियंत्रण करती है। लौंग की तीक्ष्ण सुगंध नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और धन को टिकने की शक्ति प्रदान करती है। सात का अंक स्वयं में रहस्यमय होता है — यह सप्तलोक, सप्तऋषि और सप्तचक्रों का प्रतीक है। इसलिए सात लौंग रखना ब्रह्मांडीय संतुलन को आकर्षित करता है और धन को स्थिर रखता है। अगर आप चाहते हैं कि अचानक से धन लाभ हो — जैसे अटके हुए पैसे मिल जाएं, नया अवसर प्राप्त हो जाए या अप्रत्याशित लाभ हो — तो शुक्रवार के दिन मां दुर्गा को गुड़हल के फूलों की माला अर्पित करें। गुड़हल का लाल रंग शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है। यह देवी के सौंदर्य और बल दोनों का प्रतीक है। शुक्रवार, जो स्वयं शुक्र ग्रह का दिन है, सौभाग्य और भौतिक सुखों को आकर्षित करने वाला होता है। जब आप इस दिन भक्ति और विश्वास के साथ देवी को यह अर्पण करते हैं, तो ब्रह्मांड आपके चारों ओर धन की लहरें प्रवाहित करता है।

अगर आपके पैसे कहीं अटके हुए हैं या लेनदेन में रुकावट आ रही है, तो सूर्य उपासना सबसे सरल और प्रभावशाली उपाय है। हर सुबह उदय होते सूर्य को तांबे के लोटे में जल अर्पित करें, उसमें थोड़ा सा गुड़ मिलाएं और साथ में गुड़हल का फूल अर्पित करें। सूर्य देवता आत्मविश्वास, उन्नति और सफलता के देवता हैं। उनकी उपासना करने से रुके हुए कार्यों में गति आती है और आर्थिक अड़चनें समाप्त होती हैं। जो व्यक्ति नियमित रूप से सूर्य को अर्घ्य देता है, उसकी आभा और भाग्य दोनों प्रखर हो जाते हैं। नौकरी में उन्नति या व्यापार में वृद्धि के लिए हर संध्या के समय कपूर का दीपक जलाना अत्यंत शुभ होता है। कपूर में पवित्रता और नकारात्मकता नाशक दोनों गुण होते हैं। जब मंदिर में संध्या के समय कपूर प्रज्वलित होता है, तो वह घर और व्यक्ति दोनों की ऊर्जा को शुद्ध करता है। यह दीपक मानो ब्रह्मांड को संकेत देता है कि आप अंधकार नहीं, प्रकाश के मार्ग पर हैं। जब यह भाव स्थिर होता है, तो धन, पद और सफलता अपने आप आकर्षित होते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अनुवेंद्र यादव यूपी अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयनित

**प्रयागराज।** शहर के क्रिकेट प्रशिक्षु अनुवेंद्र यादव का चयन कूच बिहारी ट्रॉफी अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में किया गया है। उत्तर प्रदेश की टीम चंडीगढ़ के विरुद्ध 16 नवम्बर से सहारनपुर में अपना मुकाबला खेलेगी। अंबेडकर विहार अपार्टमेंट चौफटका निवासी अखिलेश यादव एवं मंजू यादव के पुत्र अनुवेंद्र दायें हाथ के बल्लेबाज होने के साथ दायें हाथ के आफ ब्रेक गेंदबाज हैं। अनुवेंद्र ने क्रिकेट का प्रशिक्षण गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर यूपी अंडर-19 एवं अंडर-23 के पूर्व क्रिकेटर और बीसीआईआई लेवल वन कोच शिवम यादव से प्राप्त करते हैं। यह जानकारी शिवम यादव ने दी है।

### EV नीति की फिर से समीक्षा करे केंद्र सरकार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा कि वह अपनी 2020 की इलेक्ट्रिक वाहन नीति की फिर से समीक्षा करे और पिछले पांच वर्षों में हुए बदलावों को इसमें शामिल करे। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस नीति को किसी एक महानगर से पायलट परियोजना के रूप में लागू किया जाने का सुझाव दिया। कोर्ट ने अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा कि वह पिछले पांच वर्षों में हुए बदलावों पर गौर करें और उन्हें राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी मिशन योजना (एनईएमएमपी) में शामिल करें, जिसका मकसद इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल ने बताया कि फिलहाल केंद्र सरकार के 13 मंत्रालय इस नीति पर विचार कर रहे हैं और जल्द ही इस पर फैसला कर लिया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि इस नीति की समीक्षा जरूरी है, क्योंकि पिछले कुछ सालों में कई बदलाव हुए हैं। इसे पायलट परियोजना के रूप में किसी एक महानगर से शुरू किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन, सरकारी संस्थाओं की ओर से इन वाहनों का उपयोग और चार्जिंग स्टेशन की उपलब्धता जैसे पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है।

### प्रसिद्ध तीर्थस्थल अंबाजी के मार्बल को मिला जीआई टैग

अंबाजी (गुजरात)। गुजरात के बनासकांठा जिले का प्रसिद्ध तीर्थस्थल अंबाजी अब सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि औद्योगिक गौरव का केंद्र भी बन गया है। अंबाजी क्षेत्र से निकला दूधिया सफेद मार्बल अब "भौगोलिक संकेत" (जीआई टैग) प्राप्त कर वैश्विक पहचान हासिल कर चुका है। राज्य सूचना विभाग के अनुसार, भारत सरकार ने अंबाजी मार्बल को जीआई टैग की मान्यता प्रदान की है। इस मान्यता के बाद अंबाजी मार्बल अब कानूनी रूप से संरक्षित उत्पाद बन गया है और उसकी विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो गई है। अंबाजी मार्बल के लिए यह पंजीकरण अंबाजी मार्बल क्वॉरी एंड फैक्ट्री एसोसिएशन के नाम से किया गया है, जिसमें स्टोन आर्टिसन पार्क ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सप्ती), कमिश्नर ऑफ जियोलॉजी एंड माइनिंग तथा जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही। इस उपलब्धि के लिए केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बनासकांठा के भू-वैज्ञानिक गुरप्रीत सिंह को जीआई टैग प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

## फर्जी डीएसपी बन 72 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

### नौ साल तक चलाता रहा धोखाधड़ी का खेल

एजेंसी | बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले की कुसमी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी डीएसपी बनकर 72 लाख रुपये की ठगी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नौ वर्षों तक खुद को पुलिस अधिकारी बताकर एक महिला को झांसे में रखकर करोड़ों के सपने दिखाए और लाखों रुपये ऐंठ लिए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी संतोष कुमार पटेल (29) मध्यप्रदेश के सीधी जिले के पड़खुरी पचोखर गांव का रहने वाला है। वर्ष 2016 में वह एक निजी निर्माण कंपनी में जेसीबी ऑपरेटर के रूप में काम करता था। उसी दौरान उसकी पहचान ग्राम कंजिया की रहने वाली ललकी बाई से हुई। बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने खुद को मध्यप्रदेश पुलिस में डीएसपी बताकर महिला से करीबी बढ़ाई।



#### नौकरी दिलाने के बहाने की वसूली

इसके बाद संतोष ने महिला को भरोसे में लेकर उसके दोनों बच्चों को पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। धीरे-धीरे उसने तरह-तरह के बहाने—कभी पत्नी की तबीयत खराब, कभी बहन का इलाज—बनाकर महिला से पैसे मांगने शुरू किए। पुलिस जांच में सामने आया कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच आरोपी ने यूनियन बैंक खाते और फोनपे के जरिए अलग-अलग किश्तों में कुल 72 लाख रुपये प्राप्त किए।

#### संदेह होने पर पीड़िता पहुंची थाने

जब महिला को ठगी का संदेह हुआ, तो उसने कुसमी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 318(2), 319(2), 336(3) और 340 के तहत अपराध दर्ज किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी और एसडीओपी इम्मानुएल लकड़ा के निर्देशन में थाना प्रभारी विरासत कुजूर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

#### एमपी की सीधी जिले से गिरफ्तारी

टेक्निकल सर्विलांस के जरिए आरोपी का ठिकाना मध्यप्रदेश के सीधी जिले में लगाया गया, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में संतोष ने अपराध स्वीकार कर लिया। गुरुवार को आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## मासूम बेटे को चूल्हे में झोंक लगाई फांसी

एजेंसी | सोनभद्र



उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बभनी थाना क्षेत्र के जोबेदह गांव में एक मां ने अपने दस माह के मासूम बेटे को चूल्हे की आग में झोंक दिया और फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह जब परिजनों की नजर पड़ी तो पूरा परिवार दहशत और सदमे में आ गया। जानकारी के अनुसार, आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव निवासी पतिराज की 28 वर्षीय पत्नी राजपति बुधवार शाम अपने मायके से ससुराल लौटी थी। रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन कर सो गए। राजपति अपने छोटे बेटे को लेकर कमरे में चली गई, जबकि बड़ा बेटा अपने मामा के साथ सोने गया था।

#### 10 माह के मासूम पर तरस भी नहीं आया

रात के सन्नाटे में राजपति ने पहले अपने दस माह के बेटे को जलते चूल्हे में डालकर मार डाला, फिर घर के भीतर साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो सामने का दृश्य देखकर सबके होश उड़ गए — राजपति का शव फांसी के फंदे से लटका था और उसका मासूम बेटा चूल्हे में जला पड़ा था। गांव में इस दिल दहला देने वाली घटना से माहौल गमगीन है और हर कोई इस त्रासदी को लेकर स्तब्ध है। घटना की सूचना मिलते ही बभनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि मामले की जांच कई पहलुओं से की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला ने इतना भयावह कदम क्यों उठाया। परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रायबरेली कोर्ट में पेश हुए पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती

एजेंसी | रायबरेली

दिल्ली के पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती गुरुवार को रायबरेली की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में पेश हुए। अदालत ने सुनवाई के बाद मामले की अगली तारीख 24 नवंबर निर्धारित की है। इस दौरान उन्होंने प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया। सोमनाथ भारती डॉ. विवेक कुमार की अदालत में पेश हुए, जहां उनके अधिवक्ता ने दलील दी कि दिल्ली से हर पेशी पर रायबरेली आना संभव नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी उन्हें हर सुनवाई पर भौतिक रूप से उपस्थित रहने से छूट दी है और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की अनुमति प्रदान की है। अधिवक्ता ने कहा कि उनके मुवक्किल जानबूझकर अनुपस्थित नहीं रहे और वे आरोप तय किए जाने के समय व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगे। शासकीय अधिवक्ता संदीप सिंह ने इस पर आपत्ति जताई, लेकिन दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक अधिकारी ने भारती के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट (NBW) और धारा 82 की कार्यवाही को रद्द करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 24 नवंबर तय की।

## छात्र और कंपनी कर्मचारी ने की आत्महत्या

एजेंसी | नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में बुधवार को दो अलग-अलग आत्महत्या की घटनाओं से सनसनी फैल गई। एक मामला गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र का है, जबकि दूसरी घटना में एक कंपनी कर्मचारी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली घटना थाना बिसरख क्षेत्र के जेएम फ्लोरेंस सोसाइटी की है। यहां 40 वर्षीय दिवाकर सिंह ने अपने फ्लैट में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दिवाकर हरियाणा की एक कंपनी में कार्यरत थे, जबकि उनकी पत्नी भी नौकरी करती हैं। घटना के समय पत्नी ड्यूटी पर थीं और दिवाकर घर में अकेले थे। जब पत्नी देर शाम लौटीं, तो उन्होंने पति को पंखे से लटका पाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।



#### हास्टल के छत से लगाई छलांग

दूसरी घटना थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र की है, जहां रामशरणदास हॉस्टल में रह रहे गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र धीरज तिवारी (20) ने हॉस्टल की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, धीरज मूल रूप से सोनीपत (हरियाणा) के उत्तम नगर के निवासी थे और विश्वविद्यालय में बीए की पढ़ाई कर रहे थे। गंभीर हालत में उन्हें जिम्स अस्पताल, कासना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छात्र के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। परिजन मौके पर पहुंच चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई है, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं है। दोनों ही मामलों में पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है और जांच जारी है।

## अब घर बैठे मिलेंगी परिवहन की सेवाएं

### यूपी परिवहन विभाग ने शुरू की व्हाट्सएप चैटबॉट सुविधा

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजिटल सेवाओं की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेशवासी परिवहन से जुड़ी कई सेवाओं का लाभ सीधे व्हाट्सएप के जरिए उठा सकेंगे। विभाग ने इसके लिए व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा (मोबाइल नंबर: 8005441222) शुरू की है, जिससे लोग घर बैठे ही आवश्यक जानकारी और सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। विभाग के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य परिवहन सेवाओं को सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाना है। चैटबॉट के माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल पर ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, कर भुगतान, फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट सहित कई सेवाओं की जानकारी कुछ ही क्षणों में पा सकते हैं।

#### 24 घंटे उपलब्ध रहेगी सेवा



प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि अब किसी भी परिवहन कार्यालय में लाइन लगाने या बार-बार चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी। नागरिकों को केवल 8005441222 नंबर को अपने व्हाट्सएप में सेव कर "Hi" या "नमस्ते" संदेश भेजना होगा। इसके बाद चैटबॉट स्वतः आगे की प्रक्रिया बताकर संबंधित जानकारी या लिंक उपलब्ध करा देगा। यह सेवा 24 घंटे, सातों दिन (24x7) उपलब्ध रहेगी।

#### परिवहन विभाग की अपील

यह पहल 'डिजिटल इंडिया' मिशन के तहत तकनीक के माध्यम से सरकारी सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। परिवहन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस नई सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करें और अपने अनुभव साझा करें, ताकि चैटबॉट सेवा को और अधिक प्रभावी व उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया जा सके।

## वाराणसी में अग्निवीर भर्ती रैली

एजेंसी | वाराणसी

वाराणसी छावनी क्षेत्र के रणबांकुरा स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली में गुरुवार को बलिया और चंदौली जिलों के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। भर्ती प्रक्रिया के तहत सोल्जर जीडी (जनरल ड्यूटी) पद के लिए आयोजित चरण में 601 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, इस चरण में कुल 1218 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 983 युवक भर्ती स्थल पर उपस्थित हुए। सुबह से शुरू हुई दौड़ और अन्य शारीरिक परीक्षणों में युवाओं ने जोश और अनुशासन का परिचय दिया। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 601 अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया। भर्ती प्रक्रिया का संचालन अमेठी एआरओ के भर्ती निदेशक कर्नल सुनील मोर के नेतृत्व में किया गया। वहीं, भर्ती निदेशक कर्नल शैलेष कुमार ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि युवाओं में सेना में भर्ती को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला, जो देशभक्ति की भावना को दर्शाता है। कर्नल कुमार ने यह भी बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अब आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा।




## एसी और एलईडी लाइट्स के लिए पीएलआई योजना को मिला बूस्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को उद्योग जगत से मजबूत प्रतिसाद मिला है। डीपीआईआईटी (उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग) को एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट घटकों के निर्माण के लिए 13 कंपनियों से 1,914 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन आवेदकों में से अधिकांश (50% से अधिक) कंपनियां एमएसएमई क्षेत्र से हैं, जो इस योजना में छोटे उद्योगों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। यह आवेदन दौर 15 सितंबर से 10 नवंबर तक खुला था।

#### छह राज्यों में 23 स्थानों पर होगी स्थापना



प्रस्तावित परियोजनाएं 6 राज्यों के 13 जिलों और 23 स्थानों में स्थापित की जाएंगी। मंत्रालय के अनुसार, अब तक श्वेत वस्तुओं (White Goods) के लिए पीएलआई योजना के तहत 80 लाभार्थियों से 10,335 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इनसे 1.72 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन और लगभग 60,000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अप्रैल 2021 में स्वीकृत यह योजना, 6,238 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ, भारत में एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट्स के घटक निर्माण के लिए आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## मूडीज ने खुश किया मूड: 2025 में भारत की जीडीपी 7% रहने की उम्मीद

एजेंसी | नई दिल्ली




वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए अनुमान लगाया है कि देश की आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) वर्ष 2025 में 7 फीसदी और 2026 में 6.5 फीसदी रह सकती है। एजेंसी द्वारा जारी 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की विकास रफ्तार को बुनियादी ढांचा निवेश और मजबूत घरेलू उपभोग से सहारा मिल रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी जोड़ा गया है कि निजी क्षेत्र पूंजीगत निवेश के मामले में अभी भी सतर्क रवैया बनाए हुए है।

#### 2024 के मुकाबले 0.3 फीसद का इजाफा

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी रही थी, जो 2025 में बढ़कर 7 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। मूडीज का कहना है कि यह वृद्धि घरेलू मांग, निर्यात विविधीकरण और संरचनात्मक सुधारों के बल पर संभव होगी।

## एडवेंट होटल्स इंटरनेशनल ने एनएसई और बीएसई पर लिस्टिंग का किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई, एडवेंट होटल्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर अपने इक्विटी शेयरों की प्रस्तावित लिस्टिंग की घोषणा की है। यह कदम कंपनी के लिए एक अहम मील का पत्थर माना जा रहा है, जो बाजार में दृश्यता बढ़ाने और भविष्य के विस्तार के लिए मजबूत पूंजी संरचना प्रदान करेगा। वैलोर एस्टेट लिमिटेड (पूर्व में डीबी रियल्टी लिमिटेड) से अलग होकर अब एडवेंट होटल्स एक स्वतंत्र, केंद्रित आतिथ्य मंच के रूप में काम कर रही है। प्रमोटर निदेशक अरशद



बलवा ने कहा कि यह लिस्टिंग कंपनी की पूंजी-कुशल और संस्थागत रूप से संचालित होटल श्रृंखला बनने की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है। कंपनी वर्तमान में दो प्रमुख होटलों का संचालन करती है, गोवा में 313-की वाला ग्रैंड हयात और मुंबई अंधेरी ईस्ट में 171-की वाला हिल्टन-ब्रांडेड होटल। प्रबंध निदेशक और सीईओ राहुल पंडित ने कहा कि एडवेंट भारत के प्रीमियम और लक्ज़री होटल क्षेत्र में अगले विकास चरण के लिए तैयार है। कंपनी रणनीतिक साझेदारियों और संयुक्त उद्यमों के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है, जिसमें दिल्ली एरोसिटी में बनने वाले सेंट रेजिस और मैरियट मार्क्विस जैसे होटल शामिल हैं, जो प्रेस्टीज ग्रुप के साथ साझेदारी में विकसित हो रहे हैं। वर्तमान पाँच परियोजनाओं के साथ कंपनी 3,100 से अधिक कीज़ तक विस्तार कर रही है, और इसका एबिटडा वित्त वर्ष 32 तक 1,200 करोड़ रुपये पार करने का अनुमान है। इसके अलावा, मुंबई के सहार क्षेत्र में 4,500 करोड़ रुपये की आतिथ्य-प्रधान परियोजना भी विकासाधीन है।

## 60 हजार करोड़ रुपए का मार्केट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट बताती है कि भारत में ज्योतिष (Astrology) का बाजार अब केवल परंपरागत सीमाओं में नहीं, बल्कि एक संगठित और डिजिटल रूप में भी तेजी से विकसित हो रहा है। वर्तमान में देश का एस्ट्रो मार्केट 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है, जिसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का योगदान लगातार बढ़ रहा है। खास बात यह है कि इस मार्केट के 2030 तक 10 गुना बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसका मुख्य कारण है — बढ़ती इंटरनेट पहुंच, युवा पीढ़ी में वैदिक ज्ञान को नए रूप में अपनाने की प्रवृत्ति, और व्यक्तिगत भविष्यवाणी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता। आज ज्योतिष अब केवल मंदिरों, पंडितों



या अखबारों के राशिफल तक सीमित नहीं रहा। अब यह एक "ऑनलाइन पर्सनल गाइडेंस इंडस्ट्री" में तब्दील हो चुका है। भारत में दर्जनों ऐप्स और वेबसाइट्स हैं जो राशिफल, कुंडली मिलान, टैरो कार्ड रीडिंग, और लाइव एस्ट्रोलॉजर कंसल्टेशन जैसी सेवाएं ऑनलाइन प्रदान कर रही हैं। कुछ प्रमुख ऐप्स जैसे Astrotalk, Guruji, और Astroyogi ने करोड़ों डाउनलोड्स और लाखों सब्सक्राइबर्स हासिल किए हैं।

## हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, 12 अंकों की तेजी

एजेंसी | नई दिल्ली

लगातार तीन दिन की तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को मिश्रित रुख दिखाया। विदेशी निवेशकों की निकासी और वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के कारण शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद बाजार सीमित दायरे में रहा। हालांकि अंत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। दिनभर की उठापटक के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 12.16 अंक (0.014%) की हल्की बढ़त के साथ 84,478.67 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने दिन में 84,919.43 का उच्चतम और 84,253.05 का निचला स्तर छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 3.35 अंक (0.013%) की मामूली बढ़त के साथ 25,879.15 पर टिकने में सफल रहा।

#### कौन से शेयर रहे फायदे में



सेंसेक्स के 30 शेयरों में से एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावरग्रिड, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और सन फार्मा के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। वहीं, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों पर दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में शंघाई, हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि यूरोपीय बाजारों में गिरावट का रुख देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल का भाव 0.29% घटकर 62.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को बाजार में जोरदार तेजी रही थी। उस दिन बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक (0.71%) की उछाल के साथ 84,466.51 पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई निफ्टी 180.85 अंक (0.70%) चढ़कर 25,875.80 के स्तर पर पहुंच गया था।

## भारत-नेपाल ने रेल व्यापार सहयोग को दी नई रफ्तार

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और नेपाल ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रेल व्यापार संपर्क बढ़ाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच पारगमन संधि के प्रोटोकॉल में संशोधन के लिए विनिमय पत्रों का आदान-प्रदान किया गया, जिससे रेल-आधारित माल ढुलाई पहले से अधिक तेज़ और सुविधाजनक हो सकेगी। यह समझौता नई दिल्ली में आयोजित द्विपक्षीय बैठक के दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री अनिल कुमार सिन्हा के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस संशोधन के बाद जोगबनी (भारत) से विराटनगर (नेपाल) के बीच माल ढुलाई के लिए रेल संपर्क और भी सरल हो जाएगा। साथ ही यह व्यवस्था कोलकाता-जोगबनी, कोलकाता-नौतनवा (सुनौली) और विशाखापत्तनम-नौतनवा (सुनौली) जैसे प्रमुख पारगमन गलियारों तक विस्तारित होगी। इससे न केवल दोनों देशों के बीच व्यापारिक आवागमन सुचारू होगा बल्कि नेपाल का तीसरे देशों के साथ व्यापार भी और सशक्त बनेगा।



#### मजबूत होगी आर्थिक साझेदारी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, "भारत और नेपाल के बीच यह समझौता हमारे साझा आर्थिक हितों को नई दिशा देगा। रेल व्यापार संपर्क बढ़ने से न केवल परिवहन व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि दोनों देशों के बीच बहु-विधीय व्यापार संपर्क और आर्थिक साझेदारी भी और मजबूत होगी।" नेपाल के उद्योग मंत्री अनिल कुमार सिन्हा ने भी इस पहल को द्विपक्षीय सहयोग का नया अध्याय बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्रीय व्यापार को नई ऊर्जा मिलेगी और दोनों देशों के कारोबारी संबंध और अधिक गहरे होंगे।

# डोपिंग में फंसे भारतीय धावक कार्तिक कुमार

## तीन साल के लिए एथलेटिक्स से प्रतिबंधित

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय लंबी दूरी के धावक कार्तिक कुमार को प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन के दोषी पाए जाने पर तीन वर्ष के लिए खेल से निलंबित कर दिया गया है। अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी (यूएसएडीए) ने गुरुवार को इस कार्रवाई की पुष्टि की। एजेंसी के अनुसार, कार्तिक कुमार का 27 फरवरी को अमेरिका में प्रशिक्षण के दौरान लिया गया आउट-ऑफ-कम्पटीशन सैंपल डोप टेस्ट में एनाबॉलिक स्टेरॉयड्स — मेटेंडाइनोन और स्टैनोजोलोल — के साथ-साथ अन्य प्रतिबंधित पदार्थों के मेटाबोलाइट्स के लिए पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद 19 मार्च को लिए गए उनके दूसरे सैंपल में भी मेटेंडाइनोन के अवशेष पाए गए। यूएसएडीए ने कहा कि चूंकि पहले सैंपल की पॉजिटिव रिपोर्ट की जानकारी खिलाड़ी को दूसरे परीक्षण से पहले नहीं दी गई थी, इसलिए दोनों मामलों को एक ही डोपिंग उल्लंघन माना गया।

### चार साल का लगता है प्रतिबंध

नियमों के अनुसार, डोपिंग अपराध के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है, लेकिन यदि खिलाड़ी निर्धारित अवधि में आरोप स्वीकार कर ले, तो सजा एक वर्ष घटाई जा सकती है। कार्तिक कुमार ने यह प्रावधान अपनाते हुए आरोप मान लिए, जिसके चलते उन्हें तीन साल का प्रतिबंध दिया गया।




### अप्रैल 2024 से मानी जाएगी सजा

प्रतिबंध की अवधि 10 अप्रैल 2024 से शुरू होगी। इस अवधि के दौरान कार्तिक किसी भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। साथ ही, 27 फरवरी 2024 के बाद के सभी नतीजे, पदक, रैंकिंग और पुरस्कार निरस्त कर दिए गए हैं। कार्तिक कुमार, जिन्हें हाल के वर्षों में भारतीय एथलेटिक्स में उभरते हुए मिड-लॉन्ग डिस्टेंस रनर के रूप में देखा जा रहा था।

# जापान मास्टर्स: लक्ष्य सेन क्वार्टरफाइनल में

## जिया हेंग जैसन टेह को सीधे गेम में हराया

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने गुरुवार को कुमामोटो मास्टर्स जापान के पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सिंगापुर के जिया हेंग जैसन टेह को सीधे गेमों में हराया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और टूर्नामेंट के सातवें वरीय लक्ष्य ने विश्व नंबर 20 टेह को 21-13, 21-11 से सिर्फ 39 मिनट में पराजित किया। इस जीत के साथ विश्व नंबर 15 लक्ष्य सेन अब सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लो कीन यू का सामना क्वार्टरफाइनल में करेंगे। पहले गेम में लक्ष्य ने शुरुआत से बढ़त बनाई और 8-5 से आगे रहे, हालांकि टेह ने 10-9 पर बढ़त हासिल की थी। लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक तक बढ़त बरकरार रखी और 14-13 के स्कोर के बाद लगातार सात अंक जीतते हुए पहला गेम अपने नाम किया।

### दूसरे गेम में और भी दमदार प्रदर्शन



दूसरे गेम में लक्ष्य ने और भी दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5-0 की बढ़त से शुरुआत की और ब्रेक तक 11-3 से आगे रहे। इसके बाद उन्होंने पूरी बढ़त बनाए रखी और मुकाबला आसानी से जीत लिया। दिन के बाद के मैच में एचएस प्रणय का सामना डेनमार्क के रासमस गेमके से होगा।

# मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन अजिंक्य नाईक फिर बने अध्यक्ष

एजेंसी । मुंबई

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के चुनाव में अजिंक्य नाईक ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद हासिल किया है। नाईक की अगुवाई वाले "पवार-शेलार पैनल" ने कुल 16 में से 12 पदों पर कब्जा जमाते हुए स्पष्ट बहुमत के साथ जीत दर्ज की। बुधवार देर रात परिणाम घोषित होने के बाद नाईक ने इसे "मुंबई क्रिकेट परिवार की जीत" बताया। उन्होंने कहा, "यह विजय हर क्रिकेटर, हर मैदान क्लब और सभी सचिवों की है। यह मुंबई क्रिकेट की एकजुटता का परिणाम है।" नाईक को इस चुनाव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार का समर्थन प्राप्त था। उन्होंने जीत के बाद कहा, "माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी, शरद पवार जी और अशिष शेलार जी के सहयोग से यह जीत संभव हुई। मैं उनके भरोसे और मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं।"



### अन्य पदों पर भी नाईक के सहयोगी

एमसीए के अन्य प्रमुख पदों पर भी नाईक के सहयोगियों ने जीत दर्ज की है, इसमें उन्मेष खनविलकर सचिव चुने गए (उन्होंने शाहालम शेख को हराया)। इसी तरह जीतेंद्र आव्हाड उपाध्यक्ष (नवीन शेट्टी को हराया), नीलेश भोसले संयुक्त सचिव (गौरव पय्याडे को मात दी), अरमान मलिक कोषाध्यक्ष (सुरेंद्र शेवाले को पराजित किया) चुने गए।

### नौ सदस्यों का भी चुनाव

इसके अलावा संदीप विचारे, सूरज सामत, विघ्नेश कदम, मिलिंद नारवणकर, भूषण पाटिल, नदीम मेमन, विकास रेपाले, प्रमोद यादव और नील सावंत एमसीए की एपेक्स काउंसिल के सदस्य बने। राज्य की राजनीति से लेकर क्रिकेट प्रशासन तक फैली इस जीत ने नाईक को मुंबई क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली चेहरों में फिर से स्थापित कर दिया है।

# कड़े पहरे में ईडन गार्डंस, पहला टेस्ट आज

## भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से पहले कोलकाता में चाक-चौबंद सुरक्षा

एजेंसी । कोलकाता

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार से शुरू हो रहे बहुप्रतीक्षित टेस्ट मुकाबले से पहले कोलकाता पुलिस ने पूरे शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स स्टेडियम और उसके आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए गए हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों टीमों की होटल से मैदान तक की यात्रा, अभ्यास सत्रों और मैच के दौरान सुरक्षा को लेकर विशेष बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा प्रबंध मैच के सभी पांच दिनों तक सख्ती से लागू रहेंगे।

### 18 नवंबर तक के लिए एडवाइजरी जारी

ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कोलकाता पुलिस ने 14 से 18 नवंबर तक के लिए विस्तृत यातायात परामर्श (ट्रैफिक एडवाइजरी) जारी की है। इसके तहत ईडन गार्डन्स और आसपास के इलाकों में सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। वहीं, कुछ बस मार्गों में अस्थायी बदलाव भी किए गए हैं ताकि भीड़ और जाम की स्थिति से बचा जा सके।

### क्रिकेट के रंग में रंगा कोलकाता

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रैफिक और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश भीड़ की स्थिति और वास्तविक परिस्थितियों के अनुसार समय-समय पर संशोधित किए जा सकते हैं। इस बीच, क्रिकेट प्रशंसकों में टेस्ट मुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ईडन गार्डन्स में टीम इंडिया के उतरने का इंतज़ार करते हुए शहर का माहौल क्रिकेट रंग में रंग चुका है।



# एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप

## भारत की कंपाउंड महिला और मिश्रित टीमों ने जीता स्वर्ण

एजेंसी । नई दिल्ली

ढाका में चल रही एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत ने कंपाउंड वर्ग में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिला कंपाउंड टीम के फाइनल में दीपशिखा, प्रिथिका प्रदीप और ज्योति सुरेखा वेन्नम की भारतीय तिकड़ी ने दक्षिण कोरिया को कड़े मुकाबले में 236-234 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



### मामूली अंतर से मिली हार

पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव और प्रतमेश फुगे की भारतीय टीम को कजाखस्तान के खिलाफ 229-230 से मामूली अंतर से हार झेलनी पड़ी और रजत पदक हासिल हुआ। यह मुकाबला पूरी तरह से रोमांचक रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में कजाख खिलाड़ियों ने बढ़त बना ली।

### मिश्रित टीम को भी स्वर्ण

मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा की भारतीय जोड़ी ने बांग्लादेश के हिमु बाचार और बोन्ना आक्तर को 153-151 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ढाका में जारी इस प्रतियोगिता में भारत का यह प्रदर्शन एशियाई स्तर पर तीरंदाजी में उसकी मजबूत स्थिति को और भी पुख्ता करता है।

## बॉलीवुड

# विजय देवरकोंडा ने सबके सामने रश्मिका मंदाना पर लुटाया प्यार

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' की सफलता को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। इसी खुशी में निर्माताओं ने सक्सेस पार्टी का आयोजन किया, जिसमें रश्मिका के साथ अभिनेता विजय देवरकोंडा भी शामिल हुए। इस मौके से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें विजय को रश्मिका पर प्यार लुटाते हुए देखा जा सकता है, और यह पल फैंस के बीच खूब चर्चा में है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि विजय देवरकोंडा पार्टी के बीच खड़े हैं, तभी रश्मिका वहां आती हैं। उन्हें देखते ही विजय मुस्कुराते हुए आगे बढ़ते हैं और सबके सामने उनका हाथ चूम लेते हैं। यह पहली बार है जब दोनों ने सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते को लेकर इतना प्यार जताया है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं, कई यूजर्स का कहना है कि रश्मिका और विजय ने अब आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते को सबके सामने स्वीकार कर लिया है। पार्टी के दौरान रश्मिका ने विजय की तारीफ करते हुए कहा, विजू, आप शुरुआत से ही इस फिल्म का हिस्सा रहे हैं और इसकी सफलता के हकदार हैं। आप व्यक्तिगत तौर पर इस पूरी यात्रा में मेरे साथ रहे हैं। मैं सिर्फ यही चाहती हूं कि हर किसी की ज़िंदगी में एक विजय देवरकोंडा जैसा इंसान हो, क्योंकि यह एक आशीर्वाद है। फिल्म की सफलता और इस रोमांटिक पल के बाद सोशल मीडिया पर दोनों की शादी की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा फरवरी 2026 में शादी के बंधन में बंध सकते हैं, हालांकि दोनों की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



# निर्देशक राही बर्वे की नई फिल्म 'मायासभा' का ऐलान

2018 में रिलीज़ हुई हॉरर-फैंटेसी फिल्म 'तुम्बाड' ने भारतीय सिनेमा में अपनी अनोखी कहानी, विजुअल्स और गहराई से बुनी मिथक कथा के लिए खूब सराहना पाई थी। फिल्म के निर्देशक राही अनिल बर्वे ने दर्शकों को महाराष्ट्र की एक डरावनी लोककथा से रूबरू कराया था। अब करीब सात साल बाद राही एक बार फिर रहस्य और कल्पना की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म 'मायासभा' की आधिकारिक घोषणा कर दी है, जो अपने रहस्यमय पोस्टर के कारण पहले ही चर्चा में आ चुकी है।

### जावेद जाफरी निभाएंगे मुख्य भूमिका



राही अनिल बर्वे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'मायासभा' का मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसमें एक बूढ़ा व्यक्ति चेहरे पर मास्क लगाए गहरी सांस लेता दिखाई देता है। यह किरदार कोई और नहीं बल्कि अभिनेता जावेद जाफरी हैं, जो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका लुक इतना रहस्यमयी और दमदार है कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा है। रहस्य और रोमांच से भरपूर कहानी पोस्टर शेयर करते हुए राही ने कैप्शन में लिखा, एक दशक पहले हमने एक पागलपन का खुलासा किया था, एक ऐसा प्रयोग जो अजीब, अथाह और अकल्पनीय था। अब वह अभिशाप टूट गया है। परमेश्वर खन्ना (जावेद जाफरी) की रहस्यमयी दुनिया आखिरकार सामने आ रही है। सोने की खोज का आनंद लें, जो अब शुरू होने वाली है। इस कैप्शन से यह साफ है कि 'मायासभा' भी 'तुम्बाड' की तरह रहस्य, लालच और मानव स्वभाव की गहराइयों को खंगालने वाली फिल्म होगी। फिल्म में जावेद जाफरी के अलावा और कौन कलाकार नज़र आएंगे, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। हालांकि, जावेद के प्रशंसक उन्हें लंबे समय बाद किसी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। राही की बहन और मशहूर कोरियोग्राफर फुलवा खामकर ने भी यह पोस्टर शेयर करते हुए भाई को शुभकामनाएं दीं। फिलहाल 'मायासभा' की रिलीज़ डेट का ऐलान नहीं हुआ है।

# संजय मिश्रा की 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का नया पोस्टर रिलीज

अभिनेत्री महिमा चौधरी और संजय मिश्रा की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है। उनकी आगामी फिल्म का नाम है 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी', जिसकी पहली झलक पोस्टर के साथ पहले ही जारी की जा चुकी थी। अब फिल्म के निर्माताओं ने इसका दूसरा पोस्टर भी रिलीज कर दिया है, जो मशहूर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के क्लासिक पोस्टर की याद दिलाता है। जिस तरह डीडीएलजे के पोस्टर में काजोल किताब और शाहरुख खान गिटार थामे नजर आए थे, वैसे ही महिमा और संजय भी नए पोस्टर में उसी अंदाज में दिखाई दे रहे हैं।




### पोस्टर के कैप्शन ने खींचा ध्यान

अभिनेता संजय मिश्रा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, हो ले जायेंगे ले जायेंगे, दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे। अरे रह जायेंगे रह जायेंगे, पैसेवाले देखते रह जायेंगे। पोस्टर में महिमा और संजय एक-दूसरे की पीठ से टिके बैठे हैं, दोनों के हाथों में किताबें हैं, जो एक मजेदार और नॉस्टैल्जिक अहसास दे रहा है। फिल्म का निर्देशन सिद्धांत राज कर रहे हैं। हालांकि, मेकर्स ने अब तक इसकी रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है।

### फैंस के बीच बढ़ा उत्साह

'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का नया पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। दर्शक इस अनोखी जोड़ी को एक साथ देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। पोस्टर के जरिए फिल्म ने लोगों के दिलों में जिज्ञासा और हंसी दोनों जगा दी है, और अब सबकी नजरें इसकी रिलीज डेट पर टिकी हैं।

# धर्मेंद्र की खराब तबीयत के बीच पैपराजी पर फूटा सनी देओल का गुस्सा



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, हालांकि अब उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। उनके स्वस्थ होने की खबर से प्रशंसकों ने राहत की सांस ली और सोशल मीडिया पर अभिनेता के जल्द ठीक होने की दुआएं जारी हैं। मगर इसी बीच धर्मेंद्र के बेटे और अभिनेता सनी देओल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे मीडिया पर नाराज़ होते दिख रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, धर्मेंद्र के अस्पताल से घर लौटने के बाद से ही उनके जुहू स्थित बंगले के बाहर मीडिया और पैपराजी की भारी भीड़ जुटी हुई है। बुधवार सुबह जब सनी देओल अपने घर के बाहर निकले, तो उन्होंने वहां मौजूद मीडिया फोटोग्राफर्स से नाराज़गी जाहिर की। वीडियो में सनी को हाथ जोड़ते हुए यह कहते सुना जा सकता है, आपके घर में मां-बाप हैं, आपके घर में बच्चे हैं शर्म नहीं आती? अभिनेता का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रशंसकों का कहना है कि सनी की नाराज़गी जायज़ है, क्योंकि देओल परिवार इस समय भावनात्मक रूप से कठिन दौर से गुजर रहा है। इससे पहले देओल परिवार ने एक आधिकारिक बयान जारी कर मीडिया से निजता बनाए रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की थी। फिलहाल धर्मेंद्र घर पर हैं और डॉक्टरों की निगरानी में धीरे-धीरे स्वस्थ हो रहे हैं।

# भारत और बोत्सवाना मिलकर रच सकते हैं न्यायपूर्ण वैश्विक व्यवस्था : द्रौपदी मुर्मु

एजेंसी । गाबोरोन (बोत्सवाना)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत और बोत्सवाना मिलकर एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का 'विकसित भारत 2047' विजन और अफ्रीका का 'एजेंडा 2063'—दोनों ही साझा मूल्यों और मानव केंद्रित विकास के सिद्धांतों पर आधारित हैं।
बोत्सवाना की राजधानी गाबोरोन में राष्ट्रीय विधानसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत और बोत्सवाना की साझेदारी लोकतंत्र, समानता और मानव गरिमा के साझा आदर्शों से प्रेरित है। उन्होंने बोत्सवाना को सुशासन और प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण बताते हुए कहा कि वहां के राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में निरंतर सहयोग बढ़ा है। भारत ने बोत्सवाना के मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले दशक में बोत्सवाना के एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में प्रशिक्षण और उच्च शिक्षा प्राप्त की है।



### आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का करें उपयोग

उन्होंने बताया कि भारतीय कंपनियां बोत्सवाना के हीरा, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में सक्रिय हैं और नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, औषधि निर्माण और खनन जैसे क्षेत्रों में भी साझेदारी की अपार संभावनाएं हैं। मुर्मु ने दोनों देशों के व्यवसाय समुदायों से आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया।

### जनजातीय तीन नेताओं को दी श्रद्धांजलि

अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने बोत्सवाना डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का निरीक्षण किया, जहां उनका स्वागत खनिज और ऊर्जा मंत्री बोगोलो केनेवेंडो तथा विदेश मंत्री फेन्यो बुटाले ने किया। इसके बाद उन्होंने थ्री डिकगोसि स्मारक पर पहुंचकर बोत्सवाना के स्वतंत्रता आंदोलन के तीन जनजातीय नेताओं — खामा तृतीय, सेबेले प्रथम और बाथोएन प्रथम — को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दिल्ली धमाकाः कार्डियोलाजिस्ट अरेस्ट, CIK का ताबड़तोड़ छापा

**कानपुर के हृदयरोग संस्थान में तैनात है डा. मोहम्मद आरिफ**

**आरोपित डाक्टर शाहीन व परवेज के संपर्क में था कार्डियोलाजिस्ट**





**कानपुर/श्रीनगर।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट की जांच में एक और अहम मोड़ आया है। उत्तर प्रदेश एटीएस ने बुधवार देर शाम कानपुर के हृदय रोग संस्थान में तैनात कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद आरिफ को उनके घर से हिरासत में लिया है। डॉ. आरिफ मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के रहने वाले हैं और गिरफ्तार आरोपित डॉक्टर शाहीन शाहीन तथा उसके भाई परवेज के संपर्क में थे। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि डॉ. आरिफ देश में हुई कई घटनाओं की रणनीति में किसी न किसी रूप में शामिल रहे हो सकते हैं। एटीएस ने उनके लैपटॉप और मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है और उन्हें पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया है, जहां अन्य गिरफ्तार आरोपितों से आमने-सामने पूछताछ की जाएगी।
एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की टीमें फिलहाल कानपुर में ही डेरा डाले हुए हैं और विस्फोट से जुड़े संभावित नेटवर्क की तहकीकात कर रही हैं।
हृदय रोग संस्थान के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि डॉ. आरिफ ने जम्मू-कश्मीर के एक मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था और करीब तीन महीने पहले ही कानपुर के कार्डियोलॉजी विभाग में नियुक्ति पाई थी। हॉस्टल में जगह न मिलने के कारण वे अशोकनगर स्थित एक फ्लैट में रहते थे और आमतौर पर खुद में ही सीमित रहते थे।
दूसरी तरफ काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने श्रीनगर जैश-ए-मुहम्मद की साजिश और दिल्ली बम विस्फोट की जांच के सिलसिले में गुरुवार को कश्मीर घाटी में 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।
आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में लाल किला विस्फोट में शामिल नेटवर्क की व्यापक जाँच के तहत जम्मू-कश्मीर सीआईडी द्वारा एकत्रित खुफिया सूचनाओं के आधार पर ये तलाशी ली जा रही है। सीआईके कर्मियों की कई टीमें स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर छापेमारी कर रही हैं। ये तलाशी प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मुहम्मद से जुड़े लोगों के परिसरों पर केंद्रित है।

## असम में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले 15 गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** दिल्ली धमाकों के बाद सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ असम पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब तक राज्य भर में कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि बुधवार को की गई 6 गिरफ्तारियों के बाद रात भर चले अभियान में 9 और लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें बंगाईगांव से रफीजुल अली, हैलाकांदी से फरीद उद्दीन लश्कर, लखीमपुर से इनामुल इस्लाम और फिरुज अहमद उर्फ पापोन, बरपेटा से शाहिल शोमन सिकदर उर्फ शाहिदुल इस्लाम और रकीबुल सुल्तान, होजाई से नसीम अकबर, कामरूप से तस्लीम अहमद और दक्षिण सालमारा से अब्दुर रोहीम मोल्ला उर्फ बैप्पी हुसैन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हिंसा को महिमामंडित करने वालों के प्रति सरकार का रुख बिल्कुल सख्त है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी का सख्त बयान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने लाल किले के पास हुए विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिये कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की और पूरे मुस्लिम समाज की ओर से राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इमाम बुखारी ने कहा, "हमारा दिल उन परिवारों के साथ है जिन्होंने अपने प्रियजन खोए। उनका दर्द हम सबका दर्द है।" उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि कश्मीर के भाई-बहन सहित देश के सभी मुसलमान इस कठिन समय में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और वे देश की सुरक्षा और एकता के साथ खड़े हैं। शाही इमाम ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि जांच तथा उस पर की जा रही कार्रवाइयां पारदर्शी और बिना किसी भेदभाव के होनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को भरोसा और न्याय की पूर्ति महसूस हो। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय नेतृत्व आतंकवादियों व उनके मामलों में संदेहास्पद कनेक्शनों को जल्दी से न्याय के कटघरे में लाएगा।

### कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार में कल गिने जाएंगे वोट

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद अब नजरें शुक्रवार को होने वाली मतगणना पर टिक गई हैं। राज्य के 38 जिलों में 46 मतगणना केंद्रों पर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, मतगणना की प्रत्येक प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न कराने के लिए विस्तृत व्यवस्थाएं की गई हैं। राज्य की 243 विधानसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में 67.13 प्रतिशत का



रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ था। कुल 7.45 करोड़ मतदाताओं ने 2,616 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला ईवीएम में बंद कर दिया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, मतगणना शुक्रवार सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती से शुरू होगी, जिसके बाद सुबह 8:30 बजे से ईवीएम मतगणना प्रारंभ होगी। आयोग ने सभी जिलों में समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। सुरक्षा को लेकर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। मतगणना स्थलों पर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतगणना के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता को लेकर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाची अधिकारी, मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो ऑब्जर्वर और सहायकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि मतगणना पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न हो। राज्यभर में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है।

## मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रम में ईरान के मददगारों पर अमेरिका की बड़ी कार्रवाई

### भारत समेत आठ देशों के 32 लोगों व संस्थाओं पर प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन उत्पादन कार्यक्रम को सहयोग देने के आरोप में भारत सहित आठ देशों के 32 व्यक्तियों और संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। यह कदम ईरान पर उसके परमाणु और सैन्य गतिविधियों को लेकर दबाव बढ़ाने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है।
अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंधित संस्थाएं और व्यक्ति ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये, चीन, हांगकांग, भारत, जर्मनी और यूक्रेन में स्थित हैं। ये सभी एक अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति नेटवर्क का हिस्सा हैं, जो ईरान को ड्रोन और मिसाइल निर्माण के लिए जरूरी उपकरण और तकनीक उपलब्ध कराते हैं।

### आक्रामक क्षेत्रीय व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई



बयान में कहा गया है कि ये नेटवर्क न केवल अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा, बल्कि लाल सागर और पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक नौवहन के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय के अनुसार, यह कार्रवाई ईरान के "अस्थिरकारी सैन्य कार्यक्रमों" और उसके "आक्रामक क्षेत्रीय व्यवहार" को रोकने के उद्देश्य से की गई है।

### हथियार उत्पादन क्षमता बढ़ा रहा ईरान

अमेरिका, यूरोपीय देशों और इज़राइल का आरोप है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के जरिए हथियार उत्पादन की क्षमता विकसित कर रहा है। वहीं, ईरान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दोहराया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण और ऊर्जा संबंधी उद्देश्यों के लिए है।

## अगली सूचना तक बंद रहेगा लाल किला मेट्रो स्टेशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने गुरुवार को कहा कि सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन अगली सूचना तक बंद रहेगा। दिल्ली के अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से कार्यरत हैं। डीएमआरसी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया है, ₹सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन अगली सूचना तक बंद रहेगा। अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से कार्यरत हैं। यह कदम लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कड़ी सतर्कता और एहतियाती उपायों के बीच उठाया गया है।
दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां लाल किले के पास सोमवार शाम को हुए विस्फोट की जांच कर रही हैं, जिसके कारण स्टेशन को बंद कर दिया गया है। इस विस्फोट में अबतक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली मेट्रो की वायलेट लाइन स्थित यह मेट्रो स्टेशन ऐतिहासिक लाल किला, जामा मस्जिद और व्यस्त चांदनी चौक क्षेत्र सहित कई प्रमुख स्थलों के लिए प्रमुख प्रवेश बिंदु के रूप में कार्य करता है।

## अंकारा का बयान: लाल किला विस्फोट में तुर्किये की भूमिका शून्य



**अंकारा।** तुर्किये ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट में उसकी कथित संलिप्तता से जुड़ी भारतीय मीडिया रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर दिया है। अंकारा ने इन्हें "दुर्भावनापूर्ण और निराधार दुष्प्रचार" करार देते हुए कहा है कि ऐसे आरोप दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर करने की कोशिश हैं।
तुर्किये सरकार के संचार निदेशालय ने बुधवार देर रात जारी बयान में कहा कि कुछ मीडिया संस्थान यह दावा कर रहे हैं कि तुर्किये भारत में आतंकवादी संगठनों को सैन्य, वित्तीय और राजनयिक सहयोग दे रहा है, जबकि "इस तरह के आरोप पूरी तरह से झूठे और तथ्यहीन हैं।" बयान में कहा गया है कि तुर्किये आतंकवाद के हर रूप का कड़ा विरोधी है और वह संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति तथा नाटो की नीतियों में सक्रिय भूमिका निभाता है। अंकारा ने कहा कि "तुर्किये किसी भी देश को निशाना बनाकर कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल नहीं है। ऐसी रिपोर्टें हमारे अंतरराष्ट्रीय योगदान को कमजोर करने का प्रयास हैं।"

### तुर्किये में हुई थी आतंकियों से मुलाकात

उधर, भारतीय जांच एजेंसियां लाल किला विस्फोट मामले में अंतरराष्ट्रीय साजिश के कोण की जांच कर रही हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कुछ आरोपी तुर्किये गए थे, जहां उनकी पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सदस्यों से मुलाकात हुई थी। माना जा रहा है कि वहीं पर हमले की साजिश रची गई थी। इस घटना में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

## कलकत्ता हाईकोर्टः मुकुल राय की विधायकी गई

**शुभेंदु अधिकारी बोले – लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर**

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कृष्णनगर उत्तर विधानसभा सीट से निर्वाचित विधायक मुकुल राय की सदस्यता रद्द कर दी। न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और शब्बर राशिदी की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि मुकुल राय के तृणमूल कांग्रेस में वापसी करने से उन्होंने दल-बदल विरोधी कानून का उल्लंघन किया है। गौरतलब है कि मुकुल राय तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं और उन्हें पार्टी का 'रणनीतिक चाणक्य' कहा जाता था। 2017 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने 2021 में जीत दर्ज की थी, मगर दोबारा टीएमसी में लौटने के बाद अब उनकी विधायकी पर अंतिम मुहर न्यायपालिका ने लगा दी है।

# शिखा गर्ग के परिवार को 2.8 करोड़ डॉलर का मुआवजा

### इथियोपियाई विमान हादसे में बोइंग पर बड़ी जिम्मेदारी तय

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अदालत ने 2019 के इथियोपियाई एयरलाइंस बोइंग 737 मैक्स जेट हादसे से जुड़ा ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए विमान निर्माता कंपनी बोइंग को भारतीय मूल की पर्यावरण कार्यकर्ता शिखा गर्ग के परिजनों को 2.8 करोड़ डॉलर से अधिक मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह फैसला 737 मैक्स विमानों की दो भीषण दुर्घटनाओं से संबंधित दर्जनों मुकदमों में दिया गया पहला न्यायिक निर्णय है। शिकागो की संघीय अदालत में हुए इस मुकदमे में सभी पक्षों के बीच समझौते के बाद तय हुआ कि शिखा गर्ग के परिवार को कुल 3.585 करोड़ डॉलर, जिसमें 26 प्रतिशत ब्याज भी शामिल है, का भुगतान किया जाएगा। शिखा 32 वर्ष की थीं और संयुक्त राष्ट्र के एक पर्यावरण सम्मेलन में भाग लेने के लिए आदिस अबाबा से नैरोबी जा रही थीं, जब उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### स्वचालित नियंत्रण प्रणाली से हुई दुर्घटना



वकीलों शैनिन स्पेक्टर और एलिजाबेथ क्रॉफर्ड ने बताया कि समझौते के तहत बोइंग अपील नहीं करेगा। अदालत में कंपनी पर आरोप था कि उसने 737 मैक्स विमान के दोषपूर्ण डिजाइन और ज्ञात तकनीकी खामियों के बारे में यात्रियों को पर्याप्त चेतावनी नहीं दी। दुर्घटना की वजह वही स्वचालित नियंत्रण प्रणाली (MCAS) मानी गई, जिसने इससे पहले इंडोनेशिया की लायन एयर फ्लाइट 610 के गिरने में भी भूमिका निभाई थी। बोइंग की प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, "हम उन सभी के प्रति गहरा दुख प्रकट करते हैं जिन्होंने इन हादसों में अपने प्रियजनों को खोया। कंपनी ने अधिकांश मामलों का समाधान सुलह के माध्यम से किया है, लेकिन हम पीड़ित परिवारों के न्यायिक अधिकारों का सम्मान करते हैं।

## घूस लेते MCD का इंजीनियर गिरफ्तार

एजेंसी । नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई में बड़ा खुलासा हुआ है। एजेंसी ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नजफगढ़ जोन में तैनात एक कनिष्ठ अभियंता को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, मामला 11 नवंबर को दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि नजफगढ़ जोन के कार्यपालक अभियंता आर.सी. शर्मा, सहायक अभियंता नवीन कौल और कनिष्ठ अभियंता अजय बब्बरवाल ने एक ठेकेदार से उसके लगभग तीन करोड़ रुपये के लंबित बिलों को पास कराने के बदले 25 लाख 42 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।
जांच एजेंसी ने शिकायत की पुष्टि के बाद जाल बिछाया और कनिष्ठ अभियंता अजय बब्बरवाल को पहली किस्त के रूप में 10 लाख रुपये लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# भारत साझा करेगा सुशासन और स्मार्ट सिटी विकास का अनुभव: डॉ. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** भारत अब मालदीव के अधिकारियों को सुशासन, स्मार्ट सिटी विकास और प्रशासनिक सुधारों के अपने अनुभव से प्रशिक्षित करेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत सार्वजनिक नीति, नीली अर्थव्यवस्था, महासागरीय तकनीक, स्टार्टअप नीति और बुनियादी ढांचा विकास जैसे क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता मालदीव के साथ साझा करने को पूरी तरह तैयार है। डॉ. सिंह ने यह बात राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NGC) में मालदीव के 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से भेंट के दौरान कही। यह प्रतिनिधिमंडल मालदीव के नगर, स्थानीय सरकार और सार्वजनिक कार्य मंत्रालय के राज्यमंत्री अहमद सलीम के नेतृत्व में भारत आया है। दल 3 से 14 नवंबर तक मसूरी स्थित केंद्र में चल रहे "स्मार्ट सिटी मिशन" पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहा है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की सशक्त सिविल सेवा प्रणाली विभिन्न मंत्रालयों और सार्वजनिक संस्थानों के बीच समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे शासन व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। उन्होंने मालदीव के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री गति शक्ति मिशन और महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों जैसे भारत के प्रमुख विकास मॉडल से प्रेरणा लें। डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की यह पहल केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच ज्ञान और विश्वास पर आधारित साझेदारी को और मजबूत करेगी।

### स्मार्ट सिटी मिशन उत्कृष्ट उदाहरण : सलीम

इस अवसर पर मालदीव के राज्यमंत्री अहमद सलीम ने भारत सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भारत का स्मार्ट सिटी मिशन तकनीक, सुशासन और नागरिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे उनके देश को भी सीखने का अवसर मिला है। गौरतलब है कि अगस्त 2024 में हुए समझौते के नवीनीकरण के बाद राष्ट्रीय सुशासन केंद्र अब तक 1,200 से अधिक मालदीव के सिविल सेवकों को प्रशिक्षित कर चुका है, जिनमें वरिष्ठ अधिकारी, सचिव और स्थायी सचिव स्तर के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## मनी लॉन्ड्रिंग में जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ गिरफ्तार

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। यह मामला कंपनी द्वारा घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है।
सूत्रों के अनुसार, ईडी ने गौड़ को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले में हिरासत में लिया है। एजेंसी का आरोप है कि कंपनी ने घर खरीदारों से ली गई रकम का दुरुपयोग किया और परियोजनाओं के लिए तय निधियों को अन्यत्र मोड़ दिया



### मई में 15 ठिकानों पर पड़ी थी रेड

ईडी ने इस वर्ष मई में जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाओं के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई में एजेंसी ने 1.7 करोड़ रुपये नकद, संपत्ति से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और डिजिटल डेटा बरामद किए थे।